RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 243
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 27 दिसम्बर, 2023



## एक नज़र

### भारतीय कुश्ती संघ के निलंबित अध्यक्ष का काशी में भव्य स्वागत, रोड शो में उमड़ी भीड़



**वाराणसी।** भारतीय कुश्ती संघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह मंगलवार को अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे तो उनके समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। भारतीय कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह बबलू के काशी आगमन पर एक तरफ समर्थक तो दूसरी तरफ जिले के पहलवानों ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर शहर तक दर्जनों लग्जरी गाड़ियों के साथ मर्सिडीज पर रोड शो किया। बाबतपुर एयरपोर्ट से सैकड़ों वाहनों के साथ संजय सिंह का काफिला निकला तो रास्ते में जगह- जगह बैंड बाजे की धुन पर झूमते और खुशी से लबरेज समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। पूरे रास्ते स्वागत के लिए बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगाए गए थे। स्वागत के दौरान संजय भैया तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगते रहे। एयरपोर्ट फ्लाईओवर के पास बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने जबरदस्त स्वागत किया। उत्साही समर्थकों ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और मंच तक ले गए। एक-एक समर्थकों और पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। काजीसराय स्थित हास्पिटल के बाहर भी उनका स्वागत किया गया। कफिला आगे बढ़ा तो गोकुल धाम हरहुआ के पास पहले से मौजूद लोगों ने स्वागत करने के साथ जमकर नारे लगाए।

### हेड कांन्स्टेबल के घर से पिस्टल, नकदी-जेवर चोरी

**लखनऊ।** हेड कांन्स्टेबल धर्मपाल रावत दरोगा खेड़ा में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी तैनाती डीआईजी दफ्तर में है। रविवार को वह सपरिवार बिजनौर के कासिमखेड़ा में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर गए थे। रात में वहीं रुके। सोमवार सुबह दस बजे जब घर लौटे तो ताले टूटे मिले।

# विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाया

# सोशल मीडिया के जरिए ताकतवर पर कसा तंज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला पहलवान विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया में अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा ÷मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड वापस कर रही हूं। इस हालत में पहुंचाने के लिए ताकतवर का बहुत बहुत धन्यवाद।÷ इसके साथ ही उन्होंने उस खत की तस्वीर भी शेयर की है, जो उन्होंने पीएम मोदी को लिखा है। विनेश से पहले बजरंग पूनिया ने इसी तरह अपना पद्म श्री पुरस्कार वापस लौटाया था। वहीं, साक्षी मलिक पहले ही कुश्ती से संन्यास का एलान कर चुकी हैं। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे। इसमें संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया था।



विनेश फोगाट के खेल रत्न लौटाने से पहले बजरंग पूनिया पद्म श्री पुरस्कार लौटा चुके हैं। वहीं, साक्षी मलिक कुश्ती से संन्यास का एलान कर चुकी हैं।

इसके बाद साक्षी मलिक ने यह कहते हुए कुश्ती से संन्यास ले लिया कि फिर से बृजभूषण जैसा ही चुना गया है तो क्या करें? इसके बाद बजरंग ने पद्म श्री लौटाया और अब विनेश ने अपना खेल रत्न लौटा दिया है। पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह भी अपना पद्म श्री लौटाने की बात कह चुके हैं।

विनेश फोगाट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखकर अपना खेल रत्न लौटाने की बात कही है। इस खत में उन्होंने लिखा ÷माननीय प्रधानमंत्री जी, साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ दी है और बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री लौटा दिया है। देश के लिए ओलंपिक पदक मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को यह सब करने के लिए किस लिये मजबूर होना पड़ा, यह सब सारे देश को पता है और आप तो देश के मुखिया हैं तो आपतक भी यह मामला पहुंचा होगा। प्रधानमंत्री जी, मैं आपके घर की बेटी विनेश फोगाट हूं और पिछले एक साल से जिस हाल में हूं यह बताने के लिए आपको यह पत्र लिख रही हूं। मुझे साल याद है 2016 जब साक्षी मलिक ओलंपिक में पदक जीतकर आई थी तो आपकी सरकार ने उन्हें ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ की ब्रांड एम्बेसडर बनाया था. जब इसकी घोषणा हुई तो देश की हम सारी महिला खिलाड़ी खुश थीं और एक दूसरे को बधाई के संदेश भेज रही थीं। आज जब साक्षी को कुश्ती छोड़नी पड़ी तबसे मुझे वह साल 2016 बार बार याद आ रहा है। क्या हम महिला खिलाड़ी सरकार के विज्ञापनों पर छपने के लिए ही बनी हैं। हमें उन विज्ञापनों पर छपने में कोई एतराज नहीं है, क्योंकि उसमें लिखे नारे से ऐसा लगता है कि आपकी सरकार बेटियों के उत्थान के लिए गंभीर होकर काम करना चाहती है। मैंने ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना देखा था, लेकिन अब यह सपना भी धुंधला पड़ता जा रहा है। बस यही दुआ करूंगी कि आने वाली महिला खिलाड़ियों का यह सपना जरूर पूरा हो।

पर हमारी जिन्दगियां उन फैंसी विज्ञापनों जैसी बिलकुल नहीं है। कुश्ती की महिला पहलवानों ने पिछले कुछ सालों में जो कुछ भोगा है उससे समझ आता ही होगा कि हम कितना घुट घुट कर जी रही हैं। आपके वो फैंसी विज्ञापनों के फ्लेक्स बोर्ड भी पुराने पड़ चुके होंगे और

बजरंग ने किस हालत में अपना पद्मश्री वापस लौटाने का फैसला लिया होगा, मुझे नहीं पता। पर मैं उसकी वह फोटो देखकर अंदर ही अंदर घुट रही हूं। उसके बाद अब मुझे भी अपने पुरस्कारों से घिन आने लगी है। जब ये पुरस्कार मुझे मिले थे तो मेरी मां ने हमारे पड़ोस में मिठाई बांटी थी और मेरी काकी ताइयों को बताया था कि विनेश की टीवी में खबर आयी है उसे देखना। मेरी बेटी पुरस्कार लेते हुए कितनी सुंदर लग रही है। कई बार यह सोचकर घबरा



जाती हूं कि अब जब मेरी काकी ताई टीवी में हमारी हालत देखती होंगी तो वह मेरी मां को क्या कहती होंगी? भारत की कोई मां नहीं चाहेगी कि उसकी बेटी की यह हालत हो। अब मैं पुरस्कार लेती उस विनेश की छवि से छुटकारा पाना चाहती हूं, क्योंकि वह सपना था और जो अब हमारे साथ हो रहा है वह हकीकत। मुझे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड दिया गया था जिनका अब मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान से जिंदगी जीना चाहती है। इसलिए प्रधानमंत्री सर, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड आपको वापस करना चाहती हूं ताकि सम्मान से जीने की राह में ये पुरस्कार हमारे ऊपर बोझ न बन सकें।

**आपके घर की बेटी**
**विनेश फोगाट**

## बंगाल में ममता सरकार पर बरसे शाह

# लोकसभा चुनाव में भाजपा पश्चिम बंगाल में 35 से ज्यादा सीटें जीतेगी: अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने इसके साथ ही दावा किया कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा बंगाल की 42 में से 35 से अधिक सीटें जीतेगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल से इकट्ठा की गई कट मनी का इस्तेमाल विदेशों में आलीशान मकान खरीदने में किया जाता है, लेकिन यहां वही लोग हवाई चप्पल पहनकर घूमते हैं। उन्होंने कहा, बंगाल की जनता अब धोखा नहीं खाएगी, जनता हिसाब मांगेगी। वे यहां बंगाल भाजपा के के सभी सोशल मीडिया और आईटी अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती से मोदी जी को 35 सीटें दीजिए, मैं गारंटी देता हूं कि मोदी %सोनार



बांग्ला% (सोना का बंगाल) बनाएंगे। उन्होंने कहा, यूपीए सरकार ने 10 वर्षों में बंगाल को 2,09,000 करोड़ रुपए दिए और मोदी सरकार ने 9 साल में 7,17,000 करोड़ रुपए दिए। दीदी को एक-एक रुपये का हिसाब देना होगा। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा अपनी सोशल मीडिया की ताकत के दम पर चुनाव लड़ेगी।

गृहमंत्री ने कहा, हमने जो परिणाम हासिल किया है, देखिए। हमारे पास एक भी विधायक नहीं था लेकिन आज हमारे पास बंगाल में 77 और 20 लोकसभा सदस्य हैं। अगर हम 0 से 77 सीटें हासिल कर लेते हैं तो दो-तिहाई बहुमत से भी सरकार बना सकते हैं।

अमित शाह ने बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, बंगाल हर मामले में देश का नेतृत्व करता था और वही बंगाल आज कट मनी, सिंडिकेट, घुसपैठ, वंशवाद, भ्रष्टाचार और बम धमाकों के लिए जाना जाता है। जब दीदी ने बंगाल में कम्युनिस्टों को सत्ता से बाहर किया तो लोग खुश थे और उन्हें उम्मीद थी कि बंगाल की स्थिति बेहतर होगी, लेकिन इसके बदले उसने जो दिया वह उससे भी बदतर था। उनके मंत्रियों के पास से 50 करोड़ रुपए के नोटों की गड्डियां बरामद हुई हैं। लेकिन दीदी उन्हें पार्टी का सिपाही कहती हैं।

अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने का मतलब घुसपैठ, गौ तस्करी का खात्मा और सीएए के जरिए धार्मिक रूप से प्रताड़ित लोगों को नागरिकता देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश तेजी से प्रगति कर रहा है लेकिन दीदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल का विकास रुक गया है। क्योंकि उन्हें डर है कि अगर मोदी की विकास योजनाएं पश्चिम बंगाल में लागू हो गई तो भाजपा की लोकप्रियता बढ़ जाएगी।

महुआ मोइत्रा का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि उन्होंने उपहारों के बदले कारोबारी के साथ अपने संसद पोर्टल का पासवर्ड साझा किया, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनका बचाव किया। उन्होंने पूछा कि बंगाल में गरीबों के बारे में कितने सवाल थे? उन्होंने कहा कि तृणमूल सांसद ऐसा नहीं करते क्योंकि उन्हें इसके लिए महंगे उपहार नहीं मिलेंगे।

# सिपाही भर्ती में सभी वर्गों को आयु सीमा में मिलेगी तीन साल की छूट: सीएम योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का आदेश दिया है। अभ्यर्थियों द्वारा आयु सीमा में छूट की मांग का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि आयु सीमा में छूट देने के लिए कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। दरअसल, सिपाही भर्ती का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आयु सीमा को लेकर असंतोष पनप रहा था। अभ्यर्थियों की मांग पर केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त समेत कई विधायकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। इससे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने भी आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। वहीं, हाईकोर्ट में भी इस संबंध में याचिका दायर कर दी गयी। सबसे ज्यादा नाराजगी



युवाओं के हितों एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती के लिए जारी प्रक्रिया में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए उच्चतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।
**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री।**

सामान्य वर्ग की आयु सीमा को लेकर पनप रही थी। दरअसल, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 22 वर्ष निर्धारित की गयी है। पुलिस में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं की दलील थी कि वर्ष 2018 के पांच साल बाद करीब 60 हजार पदों पर भर्ती होने जा रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद सामान्य वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनकी 18 वर्ष से अधिक हो, लेकिन 25 वर्ष पूरी न हुई हो, आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह 28 वर्ष से कम उम्र की महिलाएं और 30 वर्ष से कम उम्र के अन्य वर्गों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों की दलील थी कि भर्तियों में पांच साल का विलंब होने से तमाम युवाओं की आयु सीमा इससे अधिक हो चुकी है। इससे उनको पुलिस में भर्ती होने का मौका नहीं मिल सकेगा। बता दें कि वर्ष 2018 में सिपाही के कुल 49,568 पदों पर भर्ती हुई थी। इनमें नागरिक पुलिस के 31,360 और पीएसी के 18,208 के पद शामिल थे।

# बिजली उत्पादन को लेकर भारत-रूस के बीच समझौता




एजेंसी

**मॉस्को।** रूस दौर पर पहुंचे जयशंकर ने कहा कि तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की बिजली उत्पादन इकाईयों के निर्माण से जुड़े कुछ जरूरी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। मॉस्को में भारतीय समुदाय के साथ उन्होंने चर्चा की। इस दौरान अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि रूस रक्षा, परमाणु ऊर्जा में एक विशेष भागीदार है। आज हमने कुडनकुलम परमाणु इकाईयों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और परमाणु के क्षेत्रों में उन देशों के साथ सहयोग किया जाता है जिनके साथ आपके भरोसे के संबंध हो। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस ने मंगलवार को तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की बिजली उत्पादन इकाईयों के निर्माण से जुड़े कुछ जरूरी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूस की तकनीकी सहायता से तमिलनाडु में बनाया जा रहा है। साथ ही कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन आर्थिक क्षेत्र के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर व्यक्तिगत बातचीत शुरू करने के लिए उनकी वार्ता टीमें जनवरी के अंत तक मिलेंगी।

इससे पहले एक अन्य कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीति और रणनीतिक रूप से एक दूसरे पर निर्भरता की वजह से भारत और रूस के संबंध हमेशा मजबूत बने रहेंगे। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था कि वह रूसी नेताओं के साथ दोनों देशों में कनेक्टिविटी बढ़ाने, क्षेत्रीय संघर्ष आदि मुद्दों पर बात करेंगे।

बता दें कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद दुनियाभर में रूस के इस कदम की आलोचना हुई लेकिन भारत ने भारी दबाव के बावजूद अपने पुराने मित्र देश की आलोचना नहीं की। हालांकि भारत ने साफ किया कि वह युद्ध के खिलाफ है लेकिन खुले तौर पर रूस की आलोचना करने से भारतीय नेतृत्व ने परहेज किया और कहा कि कूटनीति और बातचीत से विवाद का हल होना चाहिए। यूक्रेन से युद्ध के बाद भारत ने रूस के बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है।

# शपथ के दूसरे दिन भी मंत्रियों को नहीं मिले विभाग




एजेंसी

**भोपाल।** एक तरफ मंत्रियों को विभाग मिलने का इंतजार है। दूसरी तरफ मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर संगठन में चर्चा जारी है। सभी की सहमति के बाद ही विभाग दिए जाने की संभावना है। मंत्री पद की शपथ लेने के दूसरे दिन भी मंत्रियों को विभाग नहीं मिल पाए हैं। बताया जा रहा है कि कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह और उदयराव प्रताप सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं की कैबिनेट में उपस्तिथि ने विभाग के बंटवारे को पेचीदा बना दिया है, जिसके चलते मंत्रियों को विभाग मिलने में इतनी देरी हो रही है। इनके अलावा कैबिनेट में सिंधिया खेमे से शामिल प्रमुख मंत्रियों के कारण भी विभागों के बंटवारे में इतना समय लग रहा है। ऐसे में मंत्रिमंडल को लेकर एक अनार सौ बीमार जैसी स्तिथि बन गई है। इधर, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के साथ शपथ लेने वाले दो डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा पहले से ही विभाग मिलने की राह देख रहे हैं। शपथ लेने के बाद 14 दिन से अधिक का समय बीत जाने पर भी दोनों डिप्टी सीएम बिना विभाग के हैं। बता दें, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री की शपथ ली है। उनके शपथ लेने के 12 दिन बाद 25 दिसंबर को 28 मंत्रियों को शपथ दिलवाई गई है। इनमें 18 कैबिनेट मंत्री, छह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और चार राज्यमंत्री शामिल हैं। गृह विभाग, नगरीय प्रशासन, राजस्व, वित्त, पीडब्ल्यूडी, महिला बाल विकास विभाग, पीएचई, जल संसाधन, कृषि, बिजली, जनसंपर्क और परिवहन जैसे प्रमुख व मलाईदार विभागों पर सब ही की नजर है। कैलाश विजयवर्गीय पहले भी नगरीय प्रशासन विभाग संभाल चुके हैं। सिंधिया खेमे के गोविंद राजपूत राजस्व और परिवहन विभाग देख चुके हैं। प्रधुम्मन सिंह तोमर शिवराज सरकार में बिजली मंत्री रहे हैं। तुलसी के पास भी जल संसाधन विभाग रह चुका है।

## रामभय होगा यूपी का माहौल

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले सरकार हर जिले में कराएगी रामकथा

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव का मानना है कि अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर का निर्माण समाज व देश में जन जन तक श्रीराम के संस्कारों, आदर्शों, प्राचीन परंपराओं और नैतिक मूल्यों की स्थापना की ओर अग्रणी कदम है।

अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर बन रहे राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सरकार ने प्रदेश भर में भगवा माहौल बनाने की तैयारी की है। मकर सक्रांति से 22 जनवरी तक सभी जिलों में राम कथा, रामचरित मानस और सुंदरकांड के पाठ कराए जाएंगे। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को इसके निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव का मानना है कि अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर का निर्माण समाज व देश में जन जन तक श्रीराम के संस्कारों, आदर्शों, प्राचीन परंपराओं और नैतिक मूल्यों की स्थापना की ओर अग्रणी कदम है।



श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर से प्रदेश की जनता का बेहद लगाव है। उन्होंने 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के सभी राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों में रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन सहित धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वाल्मीकि रामायण में दिए गए श्रीराम के आदर्श, मानव मूल्यों और सामाजिक मूल्यों का प्रचार प्रसार कर उससे जनता को जोड़ने, मंदिरों में दीपदान के कार्यक्रम भी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में कीर्तन का आयोजन करने, स्थानीय भजन मंडलियों को शामिल कर राम मंदिर रथ और कलश यात्रा निकालने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी जिलों में वाल्मीकि मंदिर, श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर और रामायण से संबंधित मंदिरों का पूरा पता, फोटो, जीपीएस लोकेशन और मंदिर प्रबंधक का नाम व संपर्क नंबर भी संस्कृति विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, दरी बिछाने, लाइट एवं साउंड भी व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए हैं।

## यातायात पुलिस का सरहानीय कार्य ई-रिक्शा के निकले पहिए को तुरंत लगवाकर की ई रिक्शा चालक की मदद



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** तहसील पर ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस का सरहानीय कार्य देखने को मिला है जहाँ रात्रि में दिल्ली रोड से बुलंदशहर रोड को जाते वक्त एक ई-रिक्शा का पहिया अचानक से निकल गया और हादसा होने से टल गया। आपको बता दें रविवार को शाम के समय एक ई-रिक्शा चालक अपना ई-रिक्शा को लेकर दिल्ली रोड से होते हुए बुलंदशहर रोड को जा रहा था। तभी अचानक से ई-रिक्शा का पहिया तहसील चौराहे के बीच में अचानक से निकल गया और ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी योगेंद्र सिंह व जयवीर सिंह ने सड़क पार कर रहे वाहनों को तुरंत रोक कर ई-रिक्शा चालक के पहियों को अपनी मदद से लगवा कर साइड कर दिया और एक बड़ा हादसा होने से बच गया गनमित रही कि ई-रिक्शा में कोई भी सवारी बैठी हुई नहीं थी। जहां स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा चालक की मदद करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा किए गए कार्य की सराहनीय की है।

# पी.जी.आई. अस्पताल के कैम्पस की सुरक्षा में सेंध मारी



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई अस्पताल केंपस की सुरक्षा में सेंध, देर रात चोरों ने चोरी का प्रयास किया भवन संख्या 226 टाइप टू ए कैंपस स्थित रहने वाली सीएमएस ऑफिस की बाबू अंकिता कटियार के घर के सामने बने गैराज से साइकिल व अन्य लोहे का सामान उठाने का किया प्रयास, मौके पर आरी ईट लोहे की चेन व ताला बरामद हुआ, कैंपस में रहने वाले पर ही है शक का अंदेशा, बहुत से आवास जो कि खाली पड़े हुए हैं टाइप वन में जिनमें अवैध तरीके से लोग रह रहे हैं, और ठेकेदारों के यहां काम करने वाले अवैध बस्तियां बनाकर रहते हैं, जिनकी कोई भी जांच पड़ताल नहीं होती है, इन्हीं में से कोई भी हो सकता है क्योंकि कोई बाहरी व्यक्ति इस प्रकार कैंपस में चोरी करने का प्रयास नहीं कर पाएगा, परसों भी टाइप वन म? एक चोरी हुई है साइकिल, रात में ही सुरक्षा कर्मियों को बुलाया गया और मौके पर, अगल-बगल सभी लोगों ने मिलजुल कर इसका विरोध जताया, अंकिता कटिहार ने कहा है सीएमएस ऑफिस सहित डायरेक्टर को ज्ञापन देगी और सिक्योरिटी इंचार्ज को भी, की सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, इस मामले को ढीला ना छोड़ा जाए नहीं तो कैंपस में कोई बड़ी घटना घट सकती है, और अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं, लगभग सभी लोग यहां पर नौकरी करते हैं पति-पत्नी सहित घरों में बुजुर्ग रहते हैं बच्चे रहते हैं काम वाले भी रहते हैं आते जाते हैं तो भविष्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम न दे पाए अपराधी जिसकी रोकथाम जरूरी है किसी की शिफ्ट की ड्यूटी है तो किसी की जनरल ड्यूटी होती है पति-पत्नी दोनों ही नौकरी करते हैं इसलिए खतरे की आशंका ज्यादा बनी रहती है ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को कैंपस में शिफ्ट दुरुस्त रखना ही होगा और लोगों को सजग करना होगा, इससे पहले भी कई बड़ी घटनाएं हो चुकी है कैंपस, में जिस पर ना तो पुलिस ध्यान देती है ना सिक्योरिटी, खास कर डॉक्टरों की ही चलती है कैंपस में, तो उनके घर सुरक्षित रहते हैं, बाकी कर्मियों का क्या हो उनसे कोई लेना देना नहीं

## स्व: चौ0महेंद्र सिंह की 26वीं पुण्यतिथि पर हवन पूजा



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में स्थित चौधरी महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह एवं भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर राम मनोहर लोहिया स्मारक इंटर कॉलेज हापुड़ की 26वीं पुण्यतिथि पर कॉलेज के परांगण में हवन पूजा कर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी परिवारजनों,संबंधियों,क्षेत्र के गणमान्य व सम्मानित विभूतियाँ समेत कॉलेज स्टाफ ने हवन मे आहुति देकर उनकी आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की गई। उसके चौधरी साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने में कॉलेज सचिव सत्यवती, ट्रस्टी रेणुका सिंह, कमलेश गौड़, मोनिका चौधरी, सोनीका चौधरी सहित समस्त परिवार निदेशक, डॉक्टर विजयवीर सिंह प्राचार्य डॉक्टर हरीश कुमार शर्मा, भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर गजेंद्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारियों डॉक्टर विजय वीर सिंह, भूतपूर्व समन्वाक, डॉक्टर चंचल द्विवेदी, चौधरी रणपाल सिंह, चौधरी राजीव चौधरी हमीर, संजय गुप्ता परविंदर सिंह, अमरजीत सिंह डॉ देवेंद्र सिरोही, डॉक्टर राजेंद्र सिंह, मैनेजर विनय त्यागी आदि लोगों के साथ-साथ समस्त कॉलेज प्रवक्तागण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी को पुष्पांजलि दे कर भारतीय अटल सेवा के पदाधिकारियो ने मानायी जयंती




संवाददाता प्रिंस पांडेय

**सीतापुर।** ग्राम पंचायत कटिया के प्रांगण मे भारतीय अटल सेवा संगठन के पदाधिकारियो द्वारा सुशासन दिवस पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनायी गयी । इस अवसर पर भारतीय अटल सेवा के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार जिलाउपाध्यक्ष अखिलेन्द्र अग्निहोत्री,जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह ,जिला संयोजक आंशू शुक्ला,नगर उपाध्यक्ष मनोज वर्मा,वैभव द्विवेदी,प्रधान प्रतिनिधि पंकज तथा धीरज व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर ट्राली में साइकिल सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हरदोई।** शहर में मोमीनाबाद निवासी अमन भैंसों को चारा पानी देने के लिए दोपहर के समय हरदोई के मोहल्ला धन्नू पूरवा स्थित मकान पर जा रहा था। तभी मोमीनाबाद में ही घर से निकलते ही पीछे की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना स्थानी पुलिस को दी गई स्थानीय पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी हरदोई पुलिस।

### थाना अतरौली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के 74 हिस्ट्रीशीटर की थाने पर उपस्थिति दर्ज कराकर दी अपराध से दूर रहने की हिदायत ।

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

**हरदोई।** अपराध नियंत्रण व रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी संडीला के कुशल नेतृत्व में आज थाना अतरौली पर क्षेत्र के 74 हिस्ट्रीशीटर को थाने पर बुलाकर प्रभारी निरीक्षक अतरौली द्वारा सभी हिस्ट्रीशीटरों को अपराध से दूर रहने की नसीहत देते हुए उन्हें सुधरने की बात कही एवम् प्रत्येक महीने की एक निश्चित तारीख को थाने पर हाजिरी लगाने के लिए भी निर्देशित किया गया है, इससे पुलिस उनकी सही तरीके से निगरानी कर सकेगी।

### भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति स्व0 ज्ञानी जैल सिंह की 29 वीं पुण्य तिथि समारोह में सम्मिलित हुए एकलव्य सिंह सहारा



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने ज्ञानी ज़ैल सिंह के पोते इंद्रजीत सिंह, बब्बू एवं रामघरिया बोर्ड के चैयरमैन जितेंद्र पाल सिंह आदि के साथ नई दिल्ली के राजघाट पर स्थित भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति स्व॰ ज्ञानी जैल सिंह की 29 वीं पुण्य तिथि पर समाधि एकता स्थल पर पहुंच कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और एकलव्य सहारा ने कहा कि स्वर्गीय सरदार ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने 1982 से 1987 तक भारत के 7 वें राष्ट्रपति और पंजाब के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह राष्ट्रपति बनने वाले पहले सिख थे। इस पुण्य तिथि समारोह में भारत सरकार के नेता जितेंद्र पाल सिंह गागी (अध्यक्ष रामघरिया बोर्ड दिल्ली), गुरमिंदर सिंह मथारू, जगजीत सिंह मुदार, कर्म सिंह, गुरप्रीत सिंह रम्मी आदि और सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### ददरौल की ग्राम पंचायत सहवाजनगर में प्रधान बने जरूरतमंदों के मसीहा

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** ब्लाक ददरौल की ग्राम पंचायत शाहबाजनगर में गरीब बृद्ध जरुरत मंदों को ठन्ड से बचाव हेतु कम्बलं बितरित किये गये। महेश चन्द्र गौतम प्रधान शाहबाज नगर ने कहा भीषण ठंड को देखते हुए गरीब व वेसहाय लोगों को कंबल वितरित किए वांकी जनता की सेवा ही मेरा परमों धर्म है चाहें दिन हो रात 24 घंटा मदद करने हेतु तत्पर तैयार हूं जनता ने मुझ पर भरोसा जताया जो मुझे विजय प्राप्त कराई मैंने जनता से विकास कार्यो को लेकर जो बड़े किए मैं पूरा खरा उतरने का प्रयास किया भी अग्रिम भी विकास कार्यों का चक्कर चलता रहेगा रिकार्ड तोड़ विकास कार्य कराऊंगा सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान जय हिन्द जय भारत।

## फरियादियों की समस्याओं का समाधान व कार्रवाई करने के लिए तत्पर रहते हैं भीम नगर चौकी इंचार्ज



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** थाना क्षेत्र के भीम नगर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार यादव अपनी चौकी क्षेत्र के मोहल्ला के लोगों को पुलिस से संबंधित होने वाली समस्याओं के समाधान करने के साथ सरल भाव के लिए भी जाने जाते हैं। चौकी पर आए फरियादियों की समस्याओं का समाधान ना होने पर उन लोगों पर भी कार्रवाई करते नजर आते हैं जो कोई पुलिस प्रशासन की ना माने। जहां लगभग उनके चौकी क्षेत्र में अब से पूर्व में हुई कई प्रकार की घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका निभा रहे हैं और चौकी पर आए फरियादियों को पानी से लेकर चाय तक पिलाकर अभिनंदन स्वीकार करते हैं। और स्थानीय लोग के साथ-साथ मीडिया के लोग उनके सकुशल व्यवहार के कारण लोग उनकी तारीफों के पुल बांध नजर आते हैं।

## श्रीमदभग्वत गीता भारतीय संस्कृति के सभी ग्रंथों का सार है - आरिफ मोहम्मद खान





द अचीवर टाइम्स, प्रभात तिवारी

**लखनऊ।** गीता जयंती महोत्सव एवं गीता का अंतर्संगीत पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केरल के राज्यपाल मा. आरिफ मोहम्मद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्मयोग का संदेश देने वाली गीता भारतीय संस्कृति के सभी ग्रंथों का सार है। कार्यक्रम कानपुर रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल के प्रेक्षाग्रह में हुआ। इस अवसर पर समारोह में विद्वान लेखक, विचारक, स्तंभकार एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष माननीय हृदय नारायण दीक्षित की पुस्तक %गीता का अंतर्संगीत÷ के द्वितीय संस्करण का विमोचन केरल के माननीय राज्यपाल द्वारा किया गया। आरिफ मोहम्मद खान ने अपने उद्बोधन में गीता के विभिन्न श्लोकों का उदाहरण देते हुए कर्मयोग की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि फल की इच्छा न रखते हुए पूरे मनोयोग से अपने कर्म में पूर्णता लाने का संदेश केवल गीता में ही दिया गया है। उन्होंने कहा कि श्री हृदय नारायण दीक्षित द्वारा लिखित पुस्तक गीता के संदेश के प्रचार प्रसार में काफी उपयोगी होगी। हृदय नारायण दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता में कर्म की उपयोगिता और जीवन चक्र तथा गीता में संस्कृति की निरंतरता और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया है।इसके पूर्व विषय प्रवर्तन श्री शैलेंद्र दुबे द्वारा किया गया। उन्होनें जीवन में गीता के प्रबंधन पर विस्तार से बताया। भाजपा के महामंत्री संजय राय जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महोत्सव की अध्यक्षता राष्ट्र धर्म के संपादक प्रोफेसर ओमप्रकाश पांडे ने की। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के संस्थापक श्री जगदीश गांधी भी समारोह में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भारत समृद्धि की तरफ से शिक्षक व समाजसेवी रीना त्रिपाठी व नित्यानंद तिवारी पुस्तक के प्रकाशक व मीडिया सॉल्यूशन द्वारा किया गया। भारत समृद्धि संस्था से धीरज उपाध्याय, त्रिवेणी मिश्रा, रेनू त्रिपाठी ,गीता वर्मा, हर्षिता ,रवि राठौर ,सौरव सिंह मोनू, रामकुमार , सूर्य प्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम में सभी आमजन, बुद्धिजीवी, विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक, व्यापारी गणों ने गीता महोत्सव में हुए वक्तव्यों को ध्यानपूर्वक सुना तथा मुख्य अतिथि के द्वारा बताए गए विलक्षण और ज्ञानवर्धक बातों से अपना और अपने समाज का मार्ग प्रशस्त करने का संकल्प किया।

## देर रात तक मुस्तैद माल पुलिस गश्त कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

### शरारती तत्वों पर पैनी नजर -इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी



द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी

**लखनऊ।**मौसम में सर्दी बढ़ते ही आमजन की सुरक्षा के लिए माल पुलिस भी सक्रिय हो गई है। रात गश्त को मुस्तैद कर दिया गया है। शाम ढलते ही माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी दल बल के साथ पुलिस क्षेत्र में पेट्रोलिग कर असामाजिक तत्वों पर नजर रख रहे है।आपको बता दें कि माल थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कड़ाके की ठंड में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।थाना प्रभारी ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं रात्रि ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया, यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उससे कड़ाई से पूछताछ करें। प्रभारी निरीक्षक ने मंझी पुल पर संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की चैकिंग की।

**शाम ढलने के बाद बरती जा रही विशेष चौकसी**

**माल थाना पुलिस के** द्वारा शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे तत्व जो क्षेत्र की कानून व्यवस्था में खलल नहीं डाले इसे लेकर शाम ढलने के बाद देर रात तक विशेष चौकसी बरती जा रही है। क्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रतिदिन गश्त हो रही है।

## नब्बे वर्षीय महिला की मौत पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजा

द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र

**लखीमपुर खीरी फरधान।** थाना क्षेत्रवके गांव उदयपुर में एक 90 वर्षीय महिला की बीमारी के चलते घर ही मौत हो गई। मृतका के पौते की फौती सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया शालू सिंह पुत्र मनोहर सिंह निवासी उदयपुर सिकटीया थाना फरधान जिला खीरी ने सूचना दिया कि उसकी दादी रामसागरी पत्नी मुनसान सिंह उम्र 90 वर्ष की लंबी बीमारी एवं सांस की बीमारी से की मृत्यु हो गई है। मृतका के पौते की फौती सूचना दर्ज कर मौके पर पहुंचे तथा उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत वर्मा द्वारा पंचायत नामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हाउस पर भेजा गया। मृतका के परिजनों अन्य कोई आरोप नहीं है।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी और उसके दो प्रेमियों समेत तीन आरोपी गिरफ्तार भेजा जेल

द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र

**लखीमपुर खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण किया। दो अभियुक्तों और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल। धौरहरा पुलिस ने धारा 302/120बी/34 थाना से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्तगणों व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए बताया जानकारी के मुताबिक मृतक सोनू उर्फ इसराईल उम्र करीब 35 वर्ष की पत्नी जन्नतुन का अवैध सम्बन्ध इस्बान पुत्र समसुद्दीन नि0 ग्राम लालापुरवा म0 जुगनूपुर, कस्बा व थाना धौरहरा, जनपद खीरी व साजिद पुत्र लतीफ नि0 रामबट्टी कस्बा व थाना धौरहरा, जनपद खीरी से करीब 4-5 सालो से चल रहा था। यह दोनो मृतक सोनू के मित्र भी थे। इसी का फायदा उठाकर यह दोनो अक्सर सोनू के घर घर भी आते जाते थे। कुछ दिनो पहले जब सोनू को उसकी पत्नी जन्नतुन का इरबान व साजिद से अवैध सम्बन्धो की भनक लगी तो जन्नतुन व सोनू के बीच कहा सुनी भी हुई थी। इसी प्रेम प्रसंग के कारण सोनू की पत्नी जन्नतुन ने योजना बनाकर अपने पति सोनू को रास्ते से हटाने के लिए इरबान, साजिद और रहीम पुत्र समसद्दीन के साथ योजना बनाया।

# छठवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी



द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी

**सीतापुर।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर आज दिनांक 25/12/23/ को भी बरई जलालपुर सीतापुर रोड निकट यज्ञ लान के पास युवा प्रदेश कार्यालय पर सैकडो किसान मजदुरो ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी किया है। 28 दिसंबर 2023 को प्रदेश कार्यालय बराई जलालपुर पर कि जायेगी बड़ी किसान महापंचायत कर लखनऊ तक पैदल मार्च करके मां मुख्यमंत्री महोदय को दिया जायेगा ज्ञापन

मांगे निम्न प्रकार- 1- विकासखंड खैराबाद में दर्जनों ग्राम पंचायते ऐसी है जिसमें कागजों पर आवारा पशु गौशालाओं में संरक्षित है धरातल पर कार्य शून्य है।2- गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए केन एक्ट के हिसाब से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं। नियत तिथि पर गन्ना किसान अपना गन्ना लेकर गन्ना सेंटर पर पहुंचता है लेकिन कई दिनों तक किसान गन्ना की ट्राली सहित तौल कराने के लिए इंतजार करता है। इसके बाद तौल करते समय सूखा के नाम पर तौल लिपिक द्वारा किसान से ज्यादा गन्ना ले लिया जाता है। उतराई के नाम पर 200 रुपया की अवैध उगाही की जाती है। 3- इस समय गेंहू बुवाई का समय है नहरों में पलेवा के लिए पानी और साधन सहकारी समित्तियों पर डीएपी उपलब्ध नहीं है।

4 विकासखंड कसमंडा में दर्जनों ग्राम पंचायते ऐसी है जिसमें कागजों पर आवारा पशु गौशालाओं में संरक्षित है धरातल पर कार्य शून्य है। 5- खाद और बीज में मिलावट की शिकायतें आती रहती हैं। 6- विकासखंड खैराबाद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मंसूरपुर बद्रीपुर को लेकर कई बार ब्लॉक में धरना प्रदर्शन किया गया लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों के चलते कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। 7- गन्ने का रेट 450 रुपए प्रति कुंटल किया जाए। 8- गन्ने का पिछला जितना भी भुगतान है मैं ब्याज समेत 15 दिन के अंदर अदा किया जाए। 9- गन्ने का पेमेंट गन्ना लेने के 14 दिया जाय।

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन सीतापुर की होगी

## वॉर्ड-11 के पन्नापुरी की नाली व सड़कों के नव निर्माण कार्य का





द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड।** नगर पालिका के वॉर्ड-11के मौहल्ला पन्नापुरी की विभिन्न गलियों में काफी वर्षो से टूटी पड़ी नाली एवं सड़कों के इंटरलॉकिंग टाईलस द्वारा नव निर्माण के कार्य लिए नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने फीता काटकर शिलान्यास किया गया और मौहल्ले के लोगों के चेहर पर मुस्कान आ गई। लोगों ने बताया कि पन्नापुरी की केई गलियो की नाली व सडके काफी वर्षो से टूटी हुई थी अब नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी द्वारा शिलान्यास किया जा चुका है नगर पालिका छोडे ठेकेदार द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को टूटी नाली व सड़कों से राहत मिलेगी साफ सफाई कर्मचारियों को आसानी होगी। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी एवम वार्ड नं 11 के सभासद अनिल कुमार,वार्ड सभासद रोताश, नितिन पारशर सभासद नगर पालिका अध्यक्ष के साथ मा0 हीरा लाल, केपी सिंह, राजकुमार सागर, धर्मेंद्र कुमार, राजेन्द्र कश्यप,मोनू कुमार सहित समस्त वार्ड वासी भी उपस्थित रहे।

# हम माटी के लोग संगठन की तरफ से शिक्षा का महत्व विषय पर शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता

**लखनऊ।** हम माटी के लोग संगठन की तरफ से शिक्षा का महत्व विषय पर शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन इंदिरा नगर के रायल गार्डन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के जस्टिस शमीम अहमद ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के रूप में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉक्टर हारिस सिद्दीक़ी उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में डॉक्टर मसूदुल हसन उस्मानी,जनरल सेक्रेटरी दीनी तालीमी काउंसिल उत्तर प्रदेश,मौलाना कौसर नदवी, पत्रकार खान अब्दुल्लाह मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना आज़ाद उर्दू यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मसीहुद्दीन खान ने की। हाफिज सूफियान की तिलावते कलाम पाक से कार्यक्रम का आरम्भ हुवा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संगठन के सचिव सईद आरिफ सिद्दीकी ने




संगठन और कार्यक्रम का परिचय करवाया। हम माटी के लोग संगठन के अध्यक्ष असद उमर ने कार्यक्रम के उद्देश के बारे में बताया। इस विशेष अवसर पर विशिष्ट छात्र छात्राओं को मोमेंटो व शाल देकर सम्मानित किया गया। जिन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें राशिदा खातून, मरियम रिज़वी,हनीफा उबैद, अरयान तारिक,क़ाज़ी अहमद रज़ा, अध्यक्ष मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी,मोहम्मद हैदर खान वगैरह शामिल हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का शाल व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। शिक्षा के महत्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम की सम्बोधित करते हुवे मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना हर मुसलमान पर फर्ज़ है। शिक्षा के महत्व को समझते हुवे हमें शिक्षा ग्रहण करने पर ज़ोर देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा की आजकल बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता और उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही बहुत सी छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिलता है। साथ ही बहुत से संगठन भी इसमें मदद करते हैं। मुख्य अतिथि जस्टिस शमीम अहमद ने कहा कि हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है कि इस संगठन के लोगों ने शिक्षा के महत्व पर कार्यक्रम किया और हमें सम्मिलित होने का अवसर दिया। उन्होंने शिक्षा से जुड़े हुवे बहुत से मुद्दों पर बात की तथा सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा की शिक्षित होने से ही समाज में सम्मान मिलता है और परिवार वालों को गर्व की अनुभूति होती है। प्रोफेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने कहा कि आज हमारे बीच छात्र छात्राएं उपस्थित हैं इनको मार्गदर्शन की बहुत आवश्यकता है। डॉक्टर मसूदुल हसन उस्मानी ने कहा कि हमारे समक्ष मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की शिक्षा और मौलाना मोहम्मद अली जौहर की सेवाएं हैं। हमारे बड़ों ने उत्कृष्ठ सेवाएं की हैं। आज की आवश्यकता की लोग शिक्षा के प्रसार के लिए आगे आएं। मौलाना कौसर नदवी ने शिक्षा के महत्व पर रोशनी डाली और सभी को उनकी जिम्मेदारियों को याद करवाया। इस अवसर पर पत्रकार खान अब्दुल्लाह,फरीद आरिफ सिद्दीकी,अनवर सिद्दीकी, अहमद फरीद अब्बासी, क़ाज़ी तौसीफ हुसैन, असद खान, डॉक्टर अतीकुर्रहमान, आतिफ मसूद आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष,मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी अहमद रज़ा ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रगीत पढ़ा गया।

## अलग-थलग पड़े स्वामी प्रसाद- अखिलेश के बाद बोलीं डिंपल, हमें उनकी बातों से मतलब नहीं, हमारा समर्थन भी नहीं



संवाददाता

**लखनऊ।** मालूम हो कि हाल ही में लखनऊ में महा ब्राह्मण समाज पंचायत का सम्मेलन हुआ था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। सपा की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में निमंत्रण आएगा तो हम अयोध्या जाएंगे। अगर निमंत्रण नहीं आता है तो रामलला के दर्शन करने बाद में जाएंगे। मीडिया के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य धर्म को लेकर जो भी बयान दे रहे हैं, वो उनके अपने विचार हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इसे पहले ही कह चुके हैं। सपा स्वामी प्रसाद मौर्य के इन विचारों का समर्थन नहीं करती है। मालूम हो कि हाल ही में लखनऊ में महा ब्राह्मण समाज पंचायत का सम्मेलन हुआ था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इसमें अखिलेश यादव के सामने स्वामी प्रसाद मौर्या के बयानों पर सवाल उठे थे। इस पर अखिलेश ने उनके बयानों को निजी बताते हुए उनसे पूरी तरह से पल्ला झाड़ने की कोशिश की थी। साथ ही इस बात का भी इशारा किया था कि नेता इस तरह के बयानों से बचें।

## एक नज़र

### बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर माध्यमिक शिक्षा परिषद की सभी सेवाओं में छह माह तक हड़ताल पर लगी रोक

संवाददाता



**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की सभी सेवाओं में तत्काल प्रभाव से 6 माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की सभी सेवाओं में तत्काल प्रभाव से 6 माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई है। माना जा रहा है कि फरवरी में बोर्ड परीक्षा होनी है, इसकी तैयारियों व परीक्षा को देखते हुए हड़ताल पर रोक लगाई गई है।

### जयंत चौधरी ने पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट के लिए मुख्यमंत्री योगी को लिखा पत्र

संवाददाता



**लखनऊ।** पुलिस भर्ती में सामान्य वर्ग के लिए आयु सीमा 18 से 22 साल है। प्रदेश में पिछली भर्ती 16 नवंबर 2018 को हुई थी। पिछले पांच साल से कोई भर्ती न होने से प्रदेश के लाखों युवा इस आयु सीमा से बाहर जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में युवाओं को आयु सीमा में छूट देने हेतु राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि हाल में पुलिस भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ है लेकिन इसमें आयु सीमा में छूट नहीं दी गई है। पुलिस भर्ती में सामान्य वर्ग के लिए आयु सीमा 18 से 22 साल है। प्रदेश में पिछली भर्ती 16 नवंबर 2018 को हुई थी। पिछले पांच साल से कोई भर्ती न होने से प्रदेश के लाखों युवा इस आयु सीमा से बाहर जा चुके हैं। ऐसे में भर्ती से वंचित युवाओं के लिए आयु सीमा में छूट दिया जाना न्यायोचित होगा। जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री से इस तथ्य को संज्ञान में लेते हुए युवाओं की मांग पर सहानभूति पूर्वक विचार करने की मांग की है।

### क्रिसमस पर्व पर गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना, राजा यीशु पैदा हुआ है, हाले लुइया गाओ... का हुआ गान



एजेंसी

**लखनऊ।** क्रिसमस पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना हुई। केक खरीदने के लिए दुकानों पर भीड़ लगी रही। क्रिसमस पर्व पर गिरिजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। लोगों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए केक व मिष्ठान का वितरण किया। वहीं, बाजार में दुकानों पर भी केक व मिष्ठान खरीदने के लिए लोग उमड़े। शहर के प्रमुख चर्चो में राजा यीशु पैदा हुआ है, हाले लुइया गाओ... के गीत सुनाई दिए। वहीं लोगों ने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाया व लोगों को उपहार बांटे। सोशल मीडिया पर बधाई संदेश साझा कर लोगों ने पर्व मनाया। शहर के आंबेडकर चौक स्थित संत थॉमस चर्च में सोमवार सुबह आठ बजे से ही लोग पहुंचने लगे। चर्च परिसर को रंगीन झालरों के साथ ही रंगबिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है। चर्च परिसर में सुबह 10 बजे से प्रार्थना सभा शुरू हुई, जो शाम तीन बजे तक चलती रही। मुख्य पास्टर अखिलेश कुमार सिंह ने प्रभु यीशु का संदेश सभी को दिया। उन्होंने एक दूसरे के प्रति प्रेम व सौहार्द रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने अपने तरीके से प्रभु यीशु को याद किया। प्रभु यीशु की याद में लोगों ने गीत भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर रेबरन आशीष आर्चर, आइरिश सिंह, अभिनव सिंह और आशीष सिंह आदि मौजूद थे। शहर के सर्कुलर रोड स्थित फातिमा चर्च में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। फातिमा स्कूल के प्रधानाचार्य फादर पाल कोरेया ने प्रभु यीशु मसीह के बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। इस मौके पर संजीव अग्रवाल, फादर जॉन रोनी डिसूजा, स्मिता, चैतन्या, कॉलिस्टा, लीडिया आदि मौजूद थे। बस स्टेशन के पास मेथोडिस्ट चर्च में भी लोगों की भीड़ रही। लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी।

# 'सीएम योगी ने कहा- निजी और सार्वजनिक बहुमंजिला भवनों में लिफ्ट-एस्कलेटर का पंजीयन होगा अनिवार्य

संवाददाता

**लखनऊ।** ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन को देखते हुए प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन स्त्रोतों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन इकाई लगाने वाली कंपनियों को लीज पर भूमि दी जाएगी। साथ ही स्टाम्प ड्यूटी में छूट, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, कैपिटल और इंटरेस्ट सब्सिडी भी मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुमंजिला इमारतों में लगने वाली लिफ्ट और एस्कलेटर से जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल्द कानून बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस सुविधा के लिए पंजीकरण की व्यवस्था को अनिवार्य करने को कहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण और बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट और एस्कलेटर का उपयोग बढ़ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र में अधिक फुटफाल वाले स्थानों पर स्थापित होने वाले लिफ्ट और एस्कलेटर के बारे में इनकी बनावट, स्थापना, संचालन और रख-रखाव ठीक ढंग से न किये जाने की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि लिफ्ट और एस्कलेटर का उपयोग करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इसलिए लिफ्ट और एस्कलेटर के निर्माण, गुणवत्ता के साथ ही सुरक्षा सुविधाओं, स्थापना, संचालन और रख-रखाव के लिए निर्धारित और प्रकियाओं का पालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाए । उन्होंने कहा कि वर्तमान में इसके संचालन और सुरक्षा के संबंध में प्रदेश में कोई अधिनियम नहीं लागू है। जबकि देश के अन्य प्रान्तों में लिफ्ट



अधिनियम लागू है।मुख्यमंत्री ने यूपी में भी इस अधिनियम को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निजी या सार्वजनिक बहुमंजिला भवनों में नये लिफ्ट और एस्कलेटर लगाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पंजीयन कराना अनिवार्य किया जाए। पूर्व से स्थापित तथा संचालित लिफ्ट और एस्कलेटर के लिए भी यह अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने लिफ्ट और एस्कलेटर के निर्माण में बीआईएस मानकों का अनुपालन अनिवार्य करने भी निर्देश दिए हैं ।उन्होंने कहा है कि इनकी स्थापना में बिल्डिंग कोड और अन्य आवश्यक कोड का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। लिफ्ट में यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑटो रेस्क्यू डिवाइस का लगाया जाना अनिवार्य किया जाए। ताकि बिजली आपूर्ति में या अन्य किसी खराबी की स्थिति में लिफ्ट के अन्दर फंसे यात्री निकटतम लैंडिंग तक पहुंच सके और लिफ्ट का दरवाजा स्वतः खुल जाए। आपातकालीन घंटी, सीसीटीवी कैमरा पर्याप्त रोशनी और लिफ्ट के बाहर संवाद करने हेतु संचार प्रणाली भी स्थापित करना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिसर में स्थापित लिफ्ट और एस्कलेटर के संचालन के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने की स्थिति में जनता को जोखिम कवर देने के लिए बीमा देने की व्यवस्था को भी अनिवार्य करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दोनों सुविधाओं की स्थापना और संचालन में किसी शिकायत या प्रतिकूल सूचना प्राप्त होने पर निर्माता या अन्य सम्बन्धित एजेन्सी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई का भी प्रावधान करने को कहा है।

**यूपी में जल्द ही जारी होगी ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी, कंपनियों को लीज पर मिलेगी भूमि**

ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन को देखते हुए प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन स्त्रोतों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत जल्द ही ग्रीन हाइड्रोजन पालिसी जारी की जाएगी। इसके तहत प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन इकाई लगाने वाली कंपनियों को लीज पर भूमि दी जाएगी। साथ ही स्टाम्प ड्यूटी में छूट, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, कैपिटल और इंटरेस्ट सब्सिडी भी मिलेगी। यूपी नेडा की ओर से पिछले दिनों ग्रीन हाइडोजन पालिसी का ड्रॉफ्ट तैयार कराया गया है, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवलोकन किया। ड्राफ्ट पॉलिसी का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉलिसी को अंतिम रूप देने से पूर्व इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टेक होल्डर से भी परामर्श लिए जाएं, ताकि निवेशकों और उपयोगकर्ताओं को इसका ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन एक स्वच्छ ऊर्जा होने के कारण नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक है। हमें इसे प्रोत्साहित करना होगा। ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी पर काम करने वाली फ़र्मों को ज़्यादा से ज़्यादा इंसेंटिव देकर प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पॉलिसी को अंतिम रूप देने से पूर्व विभिन्न राज्यों की सम्बन्धित नीति का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए।

## बढ़ते केसों को देखते हुए हरकत में आई योगी सरकार, हर दिन होगी समीक्षा, जिलों से मांगी रिपोर्ट

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में अभी तक लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गोरखपुर में ही कोविड के नए मरीज मिले हैं, लेकिन सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश में कोविड मरीजों की संख्या बढ़ते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। अब हर दिन कोविड की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। प्रदेश में अभी तक लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गोरखपुर में ही कोविड के नए मरीज मिले हैं, लेकिन सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को अलर्ट



रहने का निर्देश दिया गया है। अब हर दिन मुख्य चिकित्साधिकारी और जिला सर्विलांस अधिकारी की अपने मातहत अधिकारियों के साथ समीक्षा होगी। इसमें कोविड की व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। जिन जिलों में कोविड के नए मरीज मिलेंगे, वहां संबंधित मरीज के परिवार और आसपास के लोगों की स्क्रीनिंग कराई जाएगी। इसी तरह राज्य मुख्यालय पर होने वाली समीक्षा बैठक में जिलेवार स्थिति का जायजा लिया जाएगा। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि हर स्तर पर निगरानी की जा रही हैं। जांच सुविधाएं पर्याप्त हैं। विभिन्न मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में सर्दी जुखाम और सांस रोग के गंभीर मरीजों की स्क्रीनिंग भी कराई जा रही है, लेकिन अभी तक कहीं भी एक साथ दो से तीन मरीज एक साथ नहीं मिले हैं। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम हर स्तर पर कोविड से निपटने के लिए तैयार है।

## यातायात पुलिस द्वारा बिना हेलमेट सीट बेल्ट के वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान



❖ 99 चालानों में 36,500/- रुपये समंस शुल्क वसूले।

संवाददाता शहडोल विजय कुमार विश्वकर्मा कि रिपोर्ट

**शहडोल।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपूर में प्रस्तुत याचिका ऐश्वर्या शांडिल्य विरूद्ध म.प्र. शासन पर पारित निर्णय के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में बिना हेलमेट के दो पहिया एवं बिना सीटबेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध दिनांक 20.11. 2023 से 10.01.2024 तक विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में जिला शहडोल पुलिस द्वारा दिनांक 24.12.2023 को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 99 चालानों में 36,500/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्याही जारी है । पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया ।

# एकेटीयू का दीक्षांत समारोह- कुलपति बोले, 2024 में मेगा जॉब फेयर का होगा आयोजन

संवाददाता

**लखनऊ।** डॉ. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलपति ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने आगामी वर्ष में विश्वविद्यालय की योजनाओं पर भी चर्चा की। डॉ. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने दीक्षांत समारोह में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि नए साल में वर्किंग प्रोफेसनल के लिए बीटेक कोर्स शुरू करेंगे। 2 लाख छात्रों की एबीसी अकाउंट खुल गए हैं। 100 कॉलेजों में इनक्यूबेशन सेंटर खोलने की तैयारी चल रही है। वहीं 2024 में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इसमें 50 से अधिक मल्टीनेशनल कंपनी शामिल होंगी और 2000 से अधिक छात्रों का



चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि फरवरी में एचआर कोंकलेव का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें भविष्य के रोडमेप के साथ ही नए कोर्स की भी रूपरेखा तैयार की जाएगी। वहीं, आईआईएम इंदौर के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को डिजिटल साक्षर करेंगे।

**राज्यपाल के निर्देशन में विश्वविद्यालय नए मुकाम पर पहुंचा**

विशिष्ट अतिथि प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि डिग्री पाने वाले छात्रों को बधाई। राज्यपाल के निर्देशन में विवि ने नैक में सर्वोत्तम ग्रेडिंग प्राप्त की है। तकनीकी शिक्षा में भी उनके निर्देशन में काफी सुधार हुआ है। विवि व संबद्ध संस्थानों में बेहतर काम हो रहा है। विवि एक नए मुकाम पर पहुंचा है। तकनीकी शिक्षा का क्षेत्र विशेष है। यह एक नया स्वावलंबन की धारा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य यूपी स्मार्ट और आत्मनिर्भर बने, विवि इस दिशा में काफी काम कर रहा है। इसी साल से चार नए इंजीनियरिंग कॉलेज में भी पढ़ाई शुरू की है। नए नए कोर्स के साथ वर्किंग प्रोफेशनल को डिग्री देंगे। स्टार्टअप को भी सरकार बढ़ावा दे रही है। विवि के साथ अपने परिवार, यूपी और देश का नाम रोशन करेंगे। यूपी को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाएंगे। विवि को एआई बेस्ड टेक्नोलोजी, आईआईटी आदि के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। अपने प्रदेश के बच्चे यहीं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करें।

**राज्यपाल बोलीं, होटल में नहीं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच मनाए जन्मदिन**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने डिग्री पाने वाले छात्रों से कहा कि आज यहां आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान दिया गया है। इनकी जरूरत है, काफी संस्था आगे आ रही है। आपको भी आगे आना है। आपके घर में हर जरूरत का सामान होगा। यहां से जाएं तो अपने माता-पिता को बताएं कि एक आंगनबाड़ी को 20 से 25 हजार के सामान की जरूरत है। आप होटल में अपना जन्मदिन मनाने की जगह आंगनबाड़ी को जरूरत के सामान दें या वहां के बच्चों के लिए फल लेकर जाएं और उनके बीच जन्मदिन मनाएं। इससे आपको ज्यादा संतुष्टि मिलेगी।

**पहले बिकती थी डिग्री, अब ऑनलाइन लीजिए**

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में 50 हजार से अधिक छात्रों की डिग्री ऑनलाइन डीजी लॉकर में अपलोड की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पहले डिग्री बिकती थी पर अब आप इसे ऑनलाइन निकाल सकते हैं। अब आपको इसके लिए कॉलेज नहीं जाना होगा। जल्द ही आपकी मार्कशीट भी इस पर अपलोड हो जाएगी। उन्होंने विवि को निर्देश दिया कि पिछले 20 साल की भी मार्कशीट डीजी लॉकर में अपलोड की जाए ताकि पुराने छात्रों को जरूरत पड़े तो उन्हें कॉलेजों के चक्कर न काटने पड़े।

# सम्पादकीय

## समय की रेत पर' निबंधों में प्रियंका सौरभ की गहरी आलोचनात्मक अंतर्दृष्टि




विभिन्न विधाओं की पांच किताबें लिख चुकी युवा लेखिका प्रियंका सौरभ के निबंध-संग्रह 'समय की रेत पर' में भारतीय समाज, संस्कृति, इतिहास, धर्म, विरासत और भाषा आदि पर आधारित 43 निबंध हैं। विविधता को समाहित करने के बावजूद सभी निबंध विरासत और संस्कृति को बचाये रखने की छटपटाहट लिए हुए हैं। गहन गंभीरता और विचारशीलता से सराबोर इन निबंधों में हमारी विरासत और संस्कृति के इतिहास का आलोचनात्मक विश्लेषण है, वर्तमान की गहरी छानबीन है और उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने की कोशिश है। लेखिका आधुनिक चेतना के स्थान पर मध्यकालीन संकीर्ण मानसिकता के बढ़ते जाने को लेकर चिंतित है।

पहला ही निबंध 'समय की रेत पर' से ही किताब का भी नामकरण किया गया है, जो कि उचित जान पड़ता है। यह पूरे संग्रह का प्रतिनिधि निबंध है, जिसमें समाज परिवर्तन के लिए पुरुषार्थ की भूमिका को रेखांकित किया गया है क्योंकि गतिमान जीवन यात्रा में इंसान की इच्छाएं अनंत होती है। बिना पुरुषार्थ के भोजन भी नहीं मिल सकता है और बिना पुरुषार्थ के किसान खेती भी नहीं कर सकता है। 'खंडित हो रहे परिवार' में गिरावट के प्रतीक के रूप में आज खंडित हो रहे परिवारों की दशा की विवेचना है जिसमें लेखिका कहती है कि वैवाहिक सम्बन्ध टूटने, आपसे भाईचारे में दुश्मनी एवं हर तरह के रिश्तों में कानूनी और सामाजिक झगड़ों में वृद्धि हुई है। आज सामूहिकता पर व्यक्तिवाद हावी हो गया है. इसके कारण भैतिक उन्मुख, प्रतिस्पर्धी और अत्यधिक आकांक्षा वाली पीढ़ी तथाकथित जटिल पारिवारिक संरचनाओं से संयम खो रही है। जिस तरह व्यक्तिवाद ने अधिकारों और विकल्पों की स्वतंत्रता का दावा किया है। उसने पीढ़ियों को केवल भौतिक समृद्धि के परिप्रेक्ष्य में जीवन में उपलब्धि की भावना देखने के लिए मजबूर कर दिया है। इस पुस्तक के निबंधों में लेखिका ने सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षेत्र के विषयों जैसे-खंडित हो रहे परिवार, धर्म, मिट्टी के घर, देशभक्ति के मायने, आस्था पर निशाने, चरित्र शिक्षा, अंधविश्वास का दलदल, पुरस्कारों का बढ़ता बाजार, हमारी सोच, अंतरात्मा की आवाज, तीर्थयात्रा, जीवन की आपाधापी, पत्थर होती मानवीय संवेदना, संबंधों के बीच पिसते खून के रिश्ते, रंगत खोते हमारे सामाजिक त्योहार, सनातन धर्म% के बदलते अर्थ,बदलती रामलीला, शादी-ब्याह= बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन, घर की दहलीज से दूर होते बुजुर्ग, प्रतिष्ठा की हानि, मूल आधार है हमारे सामाजिक त्योहार, अपनों से बेईमानी, पतन की निशानी, रामायण सनातन संस्कृति की आधारशिला, विरासत हमें सचमुच बताती हैं कि हम कौन हैं, राष्ट्रीय अस्मिता, सभ्यता, महिला सशक्तिकरण, भाषा और साहित्य इत्यादि विषयों पर गहरे विश्लेषण के साथ तर्कसम्मत, व्यावहारिक और ठोस चिंतन बहुत ही मुखर ढंग से प्रस्तुत किए हैं। ÷इतिहास की जानकारी मनुष्य के भविष्य निर्माण के लिए होनी चाहिए इसलिए यह ज़रूरी है कि इतिहास में दर्ज हो चुकी सभ्यताएँ, संस्कृति, भाषा, साहित्य और कला सभी सुरक्षित होने के साथ पोषित और समृद्ध भी होती रहें।÷ पुस्तक के सभी निबंध सटीक, समसामयिक होने के साथ स्थायित्व लिए हुए हैं।

निश्चय ही इन निबंधों में लेखिका का जागृत टिप्पणीकार होना हमारी विरासत और संस्कृति के असल को जितना सामने लाता है, उतना ही मानवीय विवेक के साथ संस्कृति के प्रति स्वच्चेतना को भी। वे विचारधाराओं के बीच केवल चहलक़दमी नहीं करतीं, बल्कि उसके जीवन सापेक्ष सार्थक को वैचारिकी में लाती हैं। लेखनी की धनी प्रियंका सौरभ का इस कृति के माध्यम से बहुआयामी चिन्तन मुखर हुआ है। वे समसामयिक विषयों पर गहरी समझ रखती हैं। लेखिका ने सभी निबंधों में सन्दर्भ के साथ उदाहरण भी दिए हैं और तथ्यों के साथ गहरा विश्लेषण भी किया है। कुल मिलाकर यह कृति हमरी विरसत,संस्कृति, मानवीय चेतना एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों की गहन पड़ताल करती है। पुस्तक पठनीय ही नहीं, चिन्तन मनन करने योग्य, देश के कर्णधारों को दिशा देती हुई और क्रियान्वयन का आह्वान करती वैचारिक विमर्श की समसामयिक कृति है। ÷समय की रेत पर÷ हमारी संस्कृति और विरासत से जुड़े समकालीन निबंधों का सशक्त दस्तावेज़ है। निबंधो का यह संग्रह हमारी विरासत और संस्कृत से जुड़े मुद्दों को समेटे है। परिस्थितियों से प्रेरित लेखन जरा भी ऊबाऊ या दिखावटी नहीं होता। यहीं से सत्यता की सुगंध आने लगती है। प्रियंका जी के विषय व्यापक और महीन हैं। उनकी भाषा पर पकड़ बताती है कि भाषा पर किसी तरह का कोई समझौता उनके शब्दकोश में नहीं है।

बहुत ही गहन और अंतर्द्वंद से उपजे विचारों को लेखों में ढालना आसान कतई नहीं है। उनके लेखों की हेडिंग से लेख का पूरा मजमून और संदर्भ सामने जैसे प्रकट हो जाता है। यही खासियत होती है लेखों के शीर्षक की जिसमें प्रियंका जी ने भरपूर काम किया है। लेख यदि भारी-भरकम हो और शीर्षक हल्का हो तो लेख की गरिमा अपने-आप ही कम हो जाती है। जो लोग अपने शीर्षक पर काम नहीं करते उनके लिए ये पुस्तक उदाहरण है। मैंने इधर समकालीन लेखकों में इस स्तर की पुस्तक यही पढ़ी है। प्रियंका सौरभ जी अपने नाम के मुताबिक आलोचना में महिलाओं की सौरभ बढा रही हैं। नोशन प्रकाशन द्वारा एक बेहतरीन पुस्तक का आना साहित्य और साहित्यकार दोनों को समृद्ध करता है। पुस्तक के शीर्षक और उसके कवर, गेटअप, पेज की क्वालिटी, मुद्रण, लगभग बिना गलतियों के पुस्तक प्रकाशित करना आदि पर उनकी मेहनत रंग लाई है। सभी निबंध पठनीय हैं, जो कि विषय को लेकर गहरी आलोचनात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। निबंधों की भाषा बहुत सशक्त है। अनेक स्थानों पर भाषा व्यंग्यात्मकता से धारदार बन गई है। इस महती पुस्तक के लिए नोशन प्रकाशन का बहुत अभिनंदन। एक गंभीर आलोचक और उसकी पुस्तक पर इससे ज्यादा और कुछ नहीं लिख सकते। यशस्वी रहो। आने वाले दिनों में आलोचना पर उनके और भी प्रोजेक्ट्स हमारे सामने मूर्तरूप लेकर आएं और साहित्य को समृद्ध करें, यही शुभकामनाएं।

# हमें कमजोर न कर दे बढ़ती नफरत

गोपालकृष्ण गांधी, पूर्व राज्यपाल

फर्क कब नहीं रहे हैं हमारे बीच? हम में, हमारे समाज में, हमारे देश में हमेशा रहे हैं और रहेंगे। कोई भी ऐसा जमाना न होगा, जब हम में भेद न थे। हम में भेद-भावना न थी। हम 'हम' हैं भाई साहब, और वे 'वे' हैं। उनका भोजन भिन्न है, उनके त्योहार भिन्न, उनकी हंसी, उनके मजाक भिन्न, उनके विश्वास भिन्न, पोशाक भिन्न, उनके कुरते अलग 'टाइप' के, पाजामों का 'कट' दूसरा, उनकी टोपियां तो भाई साहब 'टोटली डिफरेंट।' उनकी भाषा भिन्न, सोच अपनी, लेखन-पठन-पाठन उनका अपना... और फिर, कहने की जरूरत नहीं। हम 'हम' हैं, और वे 'वे'। उनके तौर-तरीके अलग, रहन-सहन अलग, लिबास अलग, रंग अलग, हमारी आंखों में सूरमा, उनकी आंखों में काजल। हमारी आस्तीनों में इत्र, उनके माथे पर चंदन। उनके गहने तो हमारे दागिने। उनकी कलाइयों की चूड़ियां अलग। उंगलियों की अंगूठियां अलग। उनकी मौसीकी अलग, सुर अलग। कुल तवारीख उनकी अलग है। कैलेंडर उनका अलग। महीने अलग। साल अलग। सच पूछें, तो हमारी और उनकी... क्या कहें... संस्कृति भिन्न है। भाई साहब, कहानी बिल्कुल अलग है उनकी, हमारी कहानी से। तो बहन जी यह बताएं... आपने अपनी बच्चियों के लहंगे सिलने के लिए उस दरजी को नहीं दिए?

जी दिए तो सही, अब्दुल मियां को।

और अपने पुराने शॉल रफू के लिए नहीं दिए?

जी दिए तो कुदसिआ को... बहुत साफ काम करती है। फिर भी, भिन्नता तो भिन्नता है ही...

जब हनुमान चालीसा की पुरानी कॉपी फट रही थी, तो क्या बाबूजी ने जिल्द मरम्मत के लिए नहीं दी थी?

जी, नन्हे खान साहिब को दी थी और उन्होंने काफी लगन से उस जिल्द को दुरुस्त किया था।

तो सलामत मियां बतलाएं, आप घर के सामान उसी पंडित जी की दुकान से खरीदते हैं न?



जी जनाब, बरसों से... बड़े शरीफ इंसान हैं रामदास शर्मा... मजाल है कि एक दाना भी दाल का कम पड़ जाए तोल में... और जब यह कोरोना चल रहा था, मुझसे दो-दो महीनों तक उन्होंने उधारी न लिए।

और डॉक्टर साहब आपके?

जनाब क्या बताऊं, बनर्जी डॉक्टर डॉक्टर नहीं, फरिश्ता हैं। उनकी आंखों में जो रहमत है और हाथों में जो हुनर, खुदा की मेहरबानी है।

और सलामत मियां बतलाएं? आपकी दुकान जो है... रद्दी की...।

जी, उसको मैं रद्दोबदल की दुकान कहता हूं।

सॉरी सलामत मियां, तो रद्दोबदल की जो दुकान जो, उसमें आपको बिजनेस सबसे मिलती है न, न कि सिर्फ...?

जी-जी जनाब... सबसे मिलती है... यह इलाका बिल्कुल हिंदू इलाका है। इक्के-दुक्के मुसलमान मिलेंगे आपको यहां। बड़ी इज्जत से माल देते हैं। हां, मैं घर के अंदर नहीं जाता। अलबत्ता, किसी ने न आने को कभी नहीं कहा। मगर मैं खुद संभल जाता हूं... एक बार गरमियों के दिन थे। जनाब, बड़ी प्यास लग रही थी। अंदर बहन जी ने देखा। बोली- ठहरिए। अंदर से एक गिलास ठंडा पानी ले आई। खिड़की पर रख दिया। जनाब, फ्रिज का पानी था। समझिए, मैं बस फिरदौस पहुंच गया। खुदा से मिन्नत की उन बहन जी की खुशियों के लिए।

**लेकिन जनाब, मैं फर्क की जो बात कर रहा था, वह अपनी जगह।**

तो बहन जी, भिन्नता है। भिन्नता रहेगी। मैं स्वीकार करता हूं, लेकिन भिन्नता से आपको समस्या क्यों हो रही है? क्या आप में और पूर्वोत्तर के समाज में भिन्नता नहीं? क्या आप जिसे संस्कृति कहती हैं, उसमें और दक्षिण की संस्कृति में भिन्नता नहीं? उनसे तो आपको कोई तकलीफ नहीं होती? अब्दुल कलाम जब हमारे राष्ट्रपति थे, तब उन पर तो आपको गर्व ही गर्व था। ए आर रहमान का वंदे मातरम् आपने सुना होगा। क्या उतना सुंदर वंदे मातरम् कहीं और सुना है? बहन जी, जरा सोचिए, भिन्नता का विपरीत या विलोम क्या है?

**समानता?**

हां है तो सही। लेकिन उसका एक और विपरीत है - नीरस एकरसता। भारत की खूबी नहीं, उसका सौभाग्य है कि उसमें इतनी विविधता है। जरा सोचिए बहन... प्रयाग के इस्तेमाल में और इलाहाबाद के प्रयोग में मैं भारत को हिन्दुस्तान में और हिन्दुस्तान को भारत में पाता हूं। और दोनों को उस इंडिया में, जिसमें हनुमान चालीसा के जिल्द नन्हे खान मजबूत बनाते हैं और सलामत कबाड़ी को एक लक्ष्मी-समान महिला पानी देती है। हमारा देश भिन्नता का परिचायक है। उसका उपासक भी। उसको नफरत के जहर से बचना और बचाना है। नफरत हमारी प्रकृति में, हमारी संस्कृति में नहीं है। जैसे जहर हमारी खुराक में नहीं है। जवाहरलाल नेहरू ने जाकिर हुसैन को भारत का उप-राष्ट्रपति बनाया, अटल बिहारी वाजपेयी ने अब्दुल कलाम को भारत का राष्ट्रपति। इंदिरा गांधी ने खुर्शीद आलम खान को कर्नाटक का राज्यपाल बनाया, तो नरेंद्र मोदी ने आरिफ मोहम्मद खान को केरल का राज्यपाल बनाया।

क्यों? क्योंकि वे मुसलमान थे/हैं? नहीं। क्योंकि वे काबिल और

# नफरती बयानों की बेलगाम सियासत

संजय कुमार,

तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह के नफरती बोल ने भारतीय राजनीति के एक नए चरित्र को उजागर किया है। कुछ वर्ष पहले तक जन-प्रतिनिधियों का दागी होना उनको सुर्खियां दिलाता था, लेकिन अब विवादित बयान उनके लिए महत्व रखने लगा है। इस प्रवृत्ति के जन्म की कई वजहें हैं। दरअसल, लोकतंत्र में धारणा की राजनीति काफी मायने रखती है। जनता अब किसी नेता को इस आधार पर नहीं आंकती कि उसने क्या काम किया या कितने वायदे पूरे किए, बल्कि चुनाव जीतने का सबसे बड़ा हथकंडा यही है कि माहौल किस तरह का बनाया गया है। धारणा की यह लड़ाई सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ के नेता खेलते हैं। चूंकि कामकाज का जिक्र अब ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होता, इसलिए नेताओं में जुबानी जंग तेज हो चली है, जिसमें कट्टर धार्मिक बयानबाजी के साथ-साथ विरोधी नेताओं का चरित्र-चित्रण भी शामिल है। स्थिति यह है कि कोई नेता जब अपना संदेश जनता तक पहुंचाता है, तो उसका 80 फीसदी हिस्सा विरोधी पर प्रहार होता है और शेष 20 प्रतिशत ही कामकाज का ब्योरा। हमारे माननीयों को लगता है कि जो जितना आक्रामक बोलेगा, जनता उसे उतना ही पसंद करेगी। यहां तक कि जिन मंचों पर सरकार की नीतियों की चर्चा होनी चाहिए, वहां भी विपक्ष को निशाने पर लिया जाता है। इससे चुनाव जीतने में मदद मिलती है। नफरती बोल शीर्ष नेतृत्व के मुंह से बमुश्किल सुने जाते हैं। ऐसे बयान आमतौर पर छुटभैये नेता देते हैं। दरअसल, बड़े नेताओं की अंतरराष्ट्रीय छवि होती है। उनके



लिए अपनी इस छवि को बचाना आवश्यक होता है। इसीलिए बड़े-बड़े मंचों पर वे सामाजिक व धार्मिक सौहार्द संबंधी अच्छी-अच्छी बातें कहते हैं। मगर उनका मकसद चुनाव जीतना भी होता है। नतीजतन, मतदान के समय सद्भाव संबंधी तमाम अच्छी बातें किनारे कर दी जाती हैं और हर तिकड़म अपनाया जाने लगता है। ऐसे नेताओं के मुताबिक, अच्छी बातें चुनाव जीतने की गारंटी नहीं हैं, इसलिए वे तीखी व नफरती बयानबाजी या आरोप-प्रत्यारोप संबंधी बहस का हिस्सा बन जाते हैं। सामाजिक और धार्मिक सौहार्द संबंधी उनके तमाम तर्क धरे के धरे रह जाते हैं और हर धर्म, जाति व समुदायों का जिक्र होने लगता है। इससे उनको अपने समुदाय के वोटरों को गोलबंद करने में मदद मिलती है। यानी, उनके लिए खाने के दांत और होते हैं और दिखाने के और। दूसरी बात, जब पार्टियों का विस्तार होता है, तो शीर्ष नेतृत्व के लिए हर एक कार्यकर्ता अथवा नेता पर नियंत्रण करना मुश्किल होता है। ऐसे में, स्थानीय स्तर पर काम करने वाले नेताओं या कार्यकर्ताओं को अनर्गल बयान देने से रोक पाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिर, छोटे नेताओं की जिम्मेदारी पार्टी के पक्ष में जन-समर्थन जुटाना भी होता है और इसके लिए वे माहौल को देखते हुए दूसरी जाति, धर्म या समुदाय पर प्रहार करता है । इन सबका मतलब यह न निकाला जाए कि जो नेता नफरती या धार्मिक बयानबाजी करते हैं, उनकी भावना भी बयान के मुताबिक ही होती है। कुछ नेता ऐसे भी हैं, जिनकी मानसिकता उनके बयानों के विपरीत होती है, लेकिन उनका मुख्य ध्येय जनादेश हासिल करना और अपनी पार्टी का विस्तार करना होता है, इसलिए वे अपने मतदाताओं की मानसिकता को भांपते हुए अनर्गल प्रलाप करते हैं। तो क्या फिजूल की बयानबाजी के लिए जनता दोषी है? पूरी तरह बेशक न हो, लेकिन काफी हद तक उसे कुसूरवार ठहराया जा सकता है। सच यही है कि जिस जनता के सामने इस तरह के बयान जारी किए जाते हैं, वे इनको पसंद करती है।

आज के समय में अपने देश में ऐसे लोगों की संख्या काफी कम है, जो इस तरह के शब्दों को नापसंद करती है या उनको लगता है कि सामाजिक सद्भाव के लिए ऐसे बयानों से बचा जाना चाहिए। अलबत्ता, हमारे आसपास ऐसे लोगों की संख्या काफी है, जो सोचते हैं कि इतिहास की गलतियों को आज किसी भी कीमत पर सुधारा जाना चाहिए। इस मानसिकता को नेतागण बखूबी भांप गए हैं, इसीलिए जिस समुदाय का समाज में दबदबा होता है, उसी के अनुसार वे वक्तव्य जारी करते हैं। अतीत में हमने यह भी देखा है कि नफरती बयान देने वालों का किस तरह से स्वागत-सत्कार भी होता है। जगह के हिसाब से नेताओं का बयान बदलना भी इसी प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। जाहिर है, दोष कहीं न कहीं मतदाताओं का है। सिर्फ नेताओं के मत्थे यह गलती नहीं मढ़ी जा सकती। हकीकत यही है कि जनता अब खुले नजरिये से चीजों को देखना पसंद नहीं करती। उसने ऐसा चश्मा चढ़ा लिया है, जिससे मनोनुकूल एकतरफा चीजें उसको दिखती हैं। कुछ लोग तर्क देते हैं कि नफरती बोल के खिलाफ कानून का सहारा लेना चाहिए। मगर मेरा यही मानना है कि कानूनी बंदिशों से इस समस्या का हल नहीं निकल सकता। अपने देश में भले ही सख्त से सख्त कानून बन जाएं, पर उसके निर्माण से पूर्व समाज विरोधी तबका उसका काट भी निकाल लेता है। हां, कानून से हमें आंशिक सफलता जरूर मिल सकती है। संभव है कि शुरुआत में हम ऐसे तत्वों पर नकेल लगाने में सफल हो जाएं, पर दीर्घावधि में सख्त कानून शायद ही संवदेनशील नागरिकों की मदद कर सकेगा। गुलाम नबी आजाद ने छोड़ा कांग्रेस का साथ, छत्तीसगढ़ के ष्टरूभूपेश बोले- उनके जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं आखिर इसका समाधान क्या है? जन-जागरूकता ही एकमात्र राह है, जो हमें स्वच्छ व पारदर्शी राजनीति की मंजिल तक पहुंचा सकती है। कोई भी बदलाव कानून के बजाय सामाजिक जागरूकता से कहीं ज्यादा असरदार साबित होता है। लॉकडाउन के दौरान ही हमने देखा है कि किस तरह से सख्त से सख्त बंदिशों को भी लोग तोड़ने लगे थे, पर यही जनता थी, जिसने इसका पालन भी किया, क्योंकि उसे एहसास था कि जान बचाने के लिए उसका घर में रहना जरूरी है। हालांकि, जन-जागरूकता कायम करना भी बहुत आसान काम नहीं है। इसके लिए लंबा वक्त और धैर्य की दरकार होती है। कानून से हम बेशक तात्कालिक लाभ हासिल कर लें, लेकिन ऐसी सख्ती सामाजिक सोच में शायद ही बदलाव ला सकेगी। जबकि, सामाजिक चेतना के सहारे हासिल परिवर्तन न सिर्फ प्रभावी होता है, बल्कि टिकाऊ भी होता है। जाहिर है, नेताओं के नफरती बोल को रोकने के लिए हमें सामाजिक चिंतन में बदलाव की मशाल जलानी होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लोकतंत्र में अपने हक की लड़ाई और भू-राजनीतिक समीकरण

दुनिया की परवाह नहीं जुंटा को
= केएस तोमर

अमेरिका ने सेना को आंग सान सू की सहित वरिष्ठ नेताओं को रिहा करने के अलावा सत्ता छोड़ने और लोकतंत्र बहाल करने की चेतावनी दी है। कई देशों ने फांसी की निंदा की और लोकतंत्र को बचाने के लिए तानाशाह को अलग-थलग करने का समर्थन किया। म्यांमार की कंगारू कोर्ट ने नोबेल विजेता और लोकतांत्रिक नेता आंग सान सू की को छह साल की जेल की सजा सुनाई है, जो उन्हें दी गई 11 साल की सजा में जुड़ जाएगी, जोमानवाधिकार के उल्लंघन का सबूत है। अदालत ने उन्हें %दाव खिन की% फाउंडेशन नामक एक स्वास्थ्य और शिक्षा संगठन के धन के दुरुपयोग का दोषी पाया है, जिसे उन्होंने अपनी दिवंगत मां की याद में स्थापित किया था। कोर्ट ने सरकारी जमीन को रियायती दर पर पट्टे पर देने का भी संज्ञान लिया। उन्हें राजधानी नाएप्यीडॉ में एकांत कारावास में रखा गया है। अमेरिका और पश्चिमी राष्ट्र यूक्रेन युद्ध और ताइवान को चीन की धमकी वाले मामलों में व्यस्त हैं, जिसने म्यांमार के सैन्य शासकों को दमन जारी रखने का अवसर दिया है, जैसा कि हाल ही में चार लोकतंत्र कार्यकर्ताओं की फांसी के समय देखा गया। देर से जारी प्रतिक्रिया में भारत ने अपने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और कूटनीतिक रूप से म्यांमार की घटनाओं (फांसी) पर अपनी



चिंता व्यक्त की और वहां हालात सुधारने के निरंतर प्रयासों की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। भारत ने भू-राजनीतिक समीकरणों और सुरक्षा जोखिमों के मद्देनजर ऐसी प्रतिक्रिया दी है, ताकि सैन्य जनरल को नाराज न किया जा सके, क्योंकि ऐसा करने पर उसका झुकाव चीन की तरफ हो सकता है, जो हमारे खिलाफ इस मौके का फायदा उठा सकता है। संयुक्त राष्ट्र के दूत नोलीन हेजर की हालिया अपील के बीच चार लोकतंत्र कार्यकर्ताओं को फांसी दिए जाने की दुनिया भर में निंदा की गई है और भविष्य में फांसी पर रोक लगाने की मांग की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत ने हमेशा से इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत को रेखांकित किया है और वह कानून के राज और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पक्षधर रहा है। भारत ने म्यांमार में शांति एवं स्थिरता लाने के दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के एसोसिएशन के प्रयासों का समर्थन किया है, जहां फरवरी 2021 में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट करके सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद से अशांति और संघर्ष छिड़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है, इसलिए दुनिया भर के देशों की भारत से अपेक्षा थी कि वह फांसी की निंदा करेगा, लेकिन भारत ने अपनी सामरिक आवश्यकता को ध्यान में रखा है। फांसी को जघन्य अपराध बताने में अमेरिका सबसे आगे रहा है और उसने पहले ही सैन्य शासन के खिलाफ प्रतिबंध लगा दिए हैं, जो म्यांमार के जनरलों को अमेरिका में जमा की गई एक अरब डॉलर की राशि तक पहुंच को बाधित करेगा। अमेरिका ने सेना को आंग सान सू की सहित वरिष्ठ नेताओं को रिहा करने के अलावा सत्ता छोड़ने और लोकतंत्र बहाल करने की चेतावनी दी है। कई देशों ने फांसी की निंदा की और लोकतंत्र को बचाने के लिए तानाशाह को अलग-थलग करने का समर्थन किया। सैन्य शासकों के निरंकुश होने की मुख्य वजह चीन है, क्योंकि म्यांमार को चीन से हथियार मिलते हैं, और उसे 19 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश मिला है। दूसरी बात यह है कि चीन म्यांमार का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। तीसरी बात यह है कि म्यांमार-चीन चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री ने मुख्य रूप से कपड़ों के कारोबार में 340 से अधिक कंपनियों को पंजीकृत किया है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व को प्रदर्शित करता है। विश्लेषकों का कहना है कि रणनीतिक मजबूरियों के कारण भारत ने कड़े शब्दों में फांसी की निंदा नहीं की है, क्योंकि वह सैन्य कमांडरों को नाराज नहीं करना चाहता, जो म्यांमार-भारत सीमाओं पर समस्याएं पैदा करने के लिए बीजिंग को प्रोत्साहित करेगा। भारत क्वाड का प्रभावी सदस्य है, जिसका उद्देश्य विश्व राजनीति में बड़ी भूमिका निभाना है, इसलिए चुप रहने से काम नहीं चलने वाला। लेकिन भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का जोखिम नहीं उठा सकता, क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्र से यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और नेशनल फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) जैसे आतंकवादी समूह म्यांमार में शरण लेते हैं और सैन्य शासन उन्हें प्रोत्साहित कर सकता है। भारत ने म्यांमार में काफी निवेश किया है, जो शत्रुतापूर्ण शासन के चलते असुरक्षित हो जाएगा। भारत कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में भी सहायता कर रहा है। सैन्य शासन लैंड बॉर्डर क्रॉसिंग एग्रीमेंट, 2018 को भंग कर सकता है, जिसका भविष्य में दो अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर प्रभाव पड़ेगा। लोकतंत्र की बहाली के लिए काम करने के अलावा अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जुंटा के साथ जुड़ने की नई दिल्ली की दोहरी नीति काम नहीं करेगी, क्योंकि यह तर्कसंगत नहीं है। म्यांमार में लोकतांत्रिक परिवर्तन की प्रक्रिया के दौरान अलोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ भारत हमेशा अडिग रहा है। लेकिन इसने सीधे तौर पर तख्तापलट की निंदा करने से परहेज किया और कानून के शासन का समर्थन किया, जिससे भारत को लाभ हुआ। उसी तरह से भारत ने फांसी की निंदा करने से परहेज किया है, जिसने दुनिया को निराश किया है, लेकिन देश के हितों की रक्षा करना तर्कसंगत है। चीन ने भी संभलकर प्रतिक्रिया दी है, जिससे सैन्य शासन द्वारा दी गई फांसी की मौन स्वीकृति की बू आती है, जो मुख्य रूप से इस क्षेत्र में भारत के प्रभाव की जांच करने के निहित रणनीतिक हितों द्वारा निर्देशित है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन ने जानबूझकर फांसी के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया देने से परहेज किया है, क्योंकि वह लंबे समय से म्यांमार को भारत से दूर करना चाहता है। फांसी ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है और म्यांमार की अस्थिरता भविष्य में और बढ़ सकती है। अमेरिका और यूरोपीय संघ जुंटा को अलग-थलग करने के लिए सख्त नीति अपना सकते हैं, जिसका संभवतः चीन विरोध करेगा। इस जटिल और निराशाजनक परिदृश्य में सैन्य शासकों ने दिखाया है कि वे लोकतंत्र कार्यकर्ताओं की फांसी के जघन्य अपराधों के बारे में दुनिया की परवाह नहीं करते हैं और मानवाधिकारों का उल्लंघन करते रहेंगे। चीन जैसे देशों के निहित स्वार्थ उन्हें म्यांमार में हत्या और अत्याचार करने के लिए बढ़ावा दे सकते हैं, जो भविष्य में लोकतंत्र बहाली की आशा को निराशावाद की ओर ले जाएगा

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मनाई मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी बाजपेई की जयंती

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** ग्राम ढाना सिंभावली में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा संगठन के तत्वाधान में पंडित मदन मोहन मालवीय व पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अनुज शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम और मदन मोहन मालवीय के चित्र के सामने दीप जलाकर और माला पहना कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित जगदीश शर्मा ने और कार्यक्रम का संचालन प्रभात शर्मा जिला प्रभारी हापुड़ ने किया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं वक्ताओं ने मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी बाजपेई के जीवन और उपलब्धियों पर अपने अपने विचार रखे। मालवीय के पिता भागवत कथा किया करते थे और भागवत कथा से धर्म प्रचार किया करते थे। घर में धार्मिक वैदिक शिक्षा व्यापक रुप से मिली। वे शिक्षाविद समाज सुधारक थे तथा उन्होंने शिक्षा पर जोर दिया और काशी में हिन्दू वैदिक शिक्षा के लिए हिंदू विश्वविद्यालय की जनसहयोग लेकर स्थापना की, हिन्दू महा सभा की स्थापना की और गौ रक्षा के लिए संगठन बनाया। मालवीय जी पहले और अंतिम विभूति थे जिनको महामना की उपाधि प्रदान की गई है। मालवीय जी ने हिंदू वैदिक शिक्षा के लिए अथक प्रयास किए। महामानव ने जिस काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की जन सहयोग से स्थापना की, उसमें उनकी परिकल्पना ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिये तैयार करने की थी जो देश का मस्तक गौरव से ऊँचा कर सकें। मालवीयजी सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, देशभक्ति तथा आत्मत्याग में अद्वितीय थे। इन समस्त आचरणों पर वे केवल उपदेश ही नहीं दिया करते थे अपितु स्वयं उनका पालन भी किया करते थे। प्रयाग के भारती भवन पुस्तकालय, मैकडोनेल यूनिवर्सिटी हिन्दू छात्रालय और मिण्टो पार्क के जन्मदाता, बाढ़, भूकम्प, सांप्रदायिक दंगों व मार्शल ला से त्रस्त दुःखियों के आँसू पोंछने वाले मालवीयजी को ऋषिकुल हरिद्वार, गोरक्षा और आयुर्वेद सम्मेलन तथा सेवा समिति, ब्वॉय स्काउट तथा अन्य कई संस्थाओं को स्थापित, प्रोत्साहित करने का श्रेय प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थितह्व पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजेंद्र शर्मा प्रदेश प्रभारी प्रदीप शर्मा प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश पंडित सरवन कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा जिला सचिव भगवान शर्मा जिला महासचिव महेश शर्मा जिला संरक्षक डॉक्टर हर्षवर्धन शर्मा, आशुतोष शर्मा विधान सभा प्रभारी गढ़मुक्तेश्वर, महिला जिला अध्यक्ष मोहनी शर्मा , विधानसभा उपाध्यक्ष लख्मीचंद शर्मा विनोद शास्त्री, आचार्य रोहित शास्त्री, मास्टर कपिल शर्मा गढ़मुक्तेश्वर, भरत शर्मा गढ़मुक्तेश्वर, मुकेश शर्मा, पंडित पप्पू शर्मा, मुन्नू शर्मा हसौपुर , मोहित शांडिल सोलन, सोनू शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, विनोद शास्त्री जी संदीप शर्मा दयानंद शर्मा, आकाश शर्मा नगर अध्यक्ष हापुर सचिन कुमार अंकुर शर्मा मंडलीय सचिव करण शर्मा जिला महासचिव महेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश कौशिक, विनोद शर्मा हैदरपुर मैंगो शर्मा हैदरपुर देवेंद्र शर्मा हैदरपुर सहित कार्यक्रम में संगठन के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

# जे.एम.एस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थीयों ने की अन्तरिक्ष की सैर

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** पहली बार किसी स्कूल के बच्चों ने अंतरिक्ष को इतने नज़दीक से जाना । जेएमएस वर्ल्ड स्कूल सोमवार को अंतरिक्ष के अनंत तारों और आकाशगंगाओं को अपने परिसर में लेकर आया। सभी छात्रों को एक मोबाइल तारामंडल में ले जाया गया और उन्हें एक विस्तृत जानकारीपूर्ण लेकिन यादगार अनुभव कराया गया। कक्षा प्री-नर्सरी से 12 तक 360ए के अंतराल में शो शानदार प्रभावों, अवास्तविक ध्वनियों और जानकारी के रत्नों से भरे हुए थे। किंडरगार्टन के छात्रों ने अपने पसंदीदा अद्भुत कार्टूनों की मदद से अंतरिक्ष चमत्कारों के बारे में सीखा। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को सौर मंडल एवं आकाशगंगा के बारे में गहनता से जानकारी दी गई। सभी विषयों को न केवल बताया गया बल्कि इस तरह से प्रदर्शित किया गया कि छात्रों ने वास्तव में शुक्र को बुध के पीछे दौड़ते हुए, सूर्य की कभी न खत्म होने वाली चमक, ग्रहण की घटनाओं और बहुत कुछ रहस्मयी घटनाओ का अनुभव किया। यह अंतरिक्ष कथा भविष्य में भी जारी रहेगी। स्पेस ट्रैक कंपनी ने स्कूल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है कि हर महीने इसरो का एक वैज्ञानिक स्कूल में आएगा और छात्रों को अंतरिक्ष और उसके रहस्यों के बारे में शिक्षित करेगा। अंतरिक्ष शिक्षा पर समाजका रुझान इसरो स्पेसएजेंसी द्वारा चांद्रायन 3 की भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा सफल लांचिंग के बाद से ज़्यादा बढ़ाहै सभी अभिभावक अपने बच्चों को डॉक्टर इंजीनियर या साइंटिस्ट बनाना चाहते है और हमारी नई शिक्षा नीति भी स्किल एंड एक्सपेरिएंशियल एजुकेशन पर ही आधारित है। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ आयुष सिंघल ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की और प्रिंसिपल डॉ निधि मलिक और सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। अंतरिक्ष शिविर उत्साह और उत्साह का माहौल लेकर आया। सुगंधित हवा ने छात्रों को ज्ञान और मनोरंजन से सराबोर कर दिया।

# एक नज़र

## हापुड़ के सदस्यों का हुआ सम्मान

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** त्यागी समाज के लोगों का मुरादनगर में हुआ सम्मान आपको बता दें कि त्यागी समाज समिति मुरादनगर के तत्वाधान में उतकृष्ठ कार्य करने वाले सदस्यों में हापुड़ की राष्टीय सैनिक संस्था की पश्चिमी उत्तरप्रदेश की महिला बिग्रेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी,जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी,जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, वरिष्ठ जिला संयोजक व रामनिवास बालिका इंटर कालेज तगासराय के प्रबंधक हरिराज सिंह त्यागी,चौघरी ताराचंद डिग्री कालेज के अध्यक्ष चौधरी मोहित त्यागी, गायत्री परिवार के सुधीर त्यागी, त्यागी समाज हापुड़ के नगर अध्यक्ष ब्रजभूषण त्यागी, चौधरी निखिल त्यागी अहाते वाले,हापुड़ नगरपालिका परिषद के सभासद रूद्राक्ष मुनि त्यागी को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया सम्मानित करने वालों में विधायक अजीत पाल त्यागी, डासना देवी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी, उद्योगपति आशीश त्यागी, बिजेंद्र त्यागी मकनपुर,अजय त्यागी दिनकरपुर, पुनीत त्यागी,डॉक्टर केशव त्यागी मौजूद थे कार्यक्रम की अध्यक्षता त्यागी समाज के मुख्य मार्गदर्शक बाबा विद्दानंद त्यागी व संचालन भूषण त्यागी ने किया।

## निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

द अचीवर टाइम्स सुशील अवस्थी



**सीतापुर ।** श्री राम जानकी इंटर कॉलेज कोठवल - रामपुर मथुरा प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह वर्मा एवं संरक्षक गुरनाम सिंहवर्मा के द्वारा आयोजन किया गया सीतापुर आँख अस्पताल की प्रसिद्ध डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी ,अनिल राय, मोहम्मद मोज्ज, सृष्टि शुक्ला बृजेंद्र सिंह ,रोहित श्रीवास्तव, बिना यादव, मुकेश आदि डॉक्टर ने मरीजों की आंखों की जांच की मरीजों में लाल जी चौहान, राममिलन रामकिशोर, राज सोनी, कुंती देवी, राजेश यादव, शिवबरन यादव, शत्रुघन यादव, राजेंद्र यादव, आदि बहुत से मरीज ने अपनी आंखों को दिखाकर सैकड़ो लोगो ने योजना का लाभ उठाया।

## लव ऑफ गॉड मिनिस्ट्री के तत्वाधान में क्रिसमस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया

द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत

**उन्नाव।** सफीपुर लव ऑफ गॉड मिनिस्ट्री के तत्वाधान में किसमस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से भक्त लोगों ने भाग लिया मास्टर सहदेव प्रसाद के द्वारा प्रार्थना करके कार्यकम की शुरूआत की गई और उसके बाद नीरज विमल की अगुवाई में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें निम्न भजन ÷शोर दुनिया में हो गया आज पैदा मसीह हो गया झूमों नाचो खुशी से आज, यीशु पैदा हुआ आदि भजनों को गाकर भक्तगणों ने आनन्द लिया। उसके बाद यीशु के जन्म दिन पर छोटे बच्चों ने कार्यकम की प्रस्तुति दी और सजीव मंचन किया जिसमें सलोनी ने मरियम एवं राखी ने यूसुफ का रोल अदा किया, उसके बाद परमेश्वर के वचन का प्रचार किया गया जिसका मुख्य अंश यह था कि पाप के कारण मानव जाति सापित हुई और उसको बचाने के लिए यीशु प्रभु आए और समस्त मानव जाति के पापों के लिए बलिदान हुए और उन पर विश्वास करने के द्वारा पापों की क्षमा प्राप्त करके परमेश्वर के साथ अपना सम्बन्ध ठीक कर सकते हैं।÷ उसके आखिर में सबके लिए प्रार्थना की गई और देश की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई। साथ साथ भण्डारे का आयोजन किया गया भंडारे का प्रसाद भक्तगणों ने ग्रहण किया। कार्यकम को सफल करने के लिए मुख्य अतिथि भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष रहीश खान उर्फ पप्पू प्रबंधक सेठ आशाराम श्री अग्रिम सर और उनकी टीम की तरफ से क्रिसमस की बधाई दी। प्रधान जफर अंसारी मियागंज,देवगांव प्रधान शालिनी गौड़ और वकील अभिनव गौड़ कार्यकर्ता संदीप कुमार, जवाहर लाल, पत्रकार दुर्गेश कुमार, विशाल, हेमराज, अभिषेक, विमलकिशोर, आशीष, प्रदीप, रामू, रामलखन, संतोष लोगों ने सहयोग किया।

## पेयजल एवं स्वच्छता मिशन योजना का हवन पूजन कर शुभारम्भ किया गया

द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत

**उन्नाव।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत गंगा बैराज के समीप जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम समूह पेयजल योजना में निर्मित किए जाने वाले 326 एम0एल0डी0 इंटेकवेल के कार्यो का सांसद साक्षी जी महराज व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भूमि पूजन व नारियल फोड़कर कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा जल जीवन मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य है गामीण क्षेत्र में रहने वाले उन सभी परिवारो को घर में पानी की सुविधा उपलब्ध करवाना जिन्हे पानी जैसी समस्याओ से गुजरना पड़ता है देश के सभी जरुरत मन्द परिवारो को पानी की सुविधा को उपलब्ध कराने का प्रावधान है जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी परिवारो को पाइप के माध्यम से ताजा एवं स्वच्छ जल की सुविधा प्राप्त कराना है। इस अवसर पर मेघा इंजिनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रक्चर्स लिमिटेड के अधिकारी कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# उ0प्रा0विद्यालय अकड़ोली के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार लखनऊ में हुए सम्मानित



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार लखनऊ में हुए सम्मानित आपको बता दें रविवार को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन अम्बर होटल लखनऊ में किया गया था जिसमें प्रदेश के 60 जिलों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया था और राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय के नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें अतिथि राजकुमार यादव संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास लखनऊ उ0 प्र0,अजय सिंह प्राचार्य आई0टी0आई0 अमेठी, विवेक रुद्रा डायरेक्टर भूमि आई0ए0एस0 लखनऊ, मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 आदि अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।जिसमें जनपद हापुड़ से मुकेश कुमार प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली हापुड़ को उनके विद्यालय में किये गए उत्कृष्ट कार्य एवम नवाचारों हेतु सम्मान पत्र एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग 60 जनपदों के शिक्षको ने अपने अपने कार्य और नवाचार की प्रस्तुतियां दी गई।

# उ0प्रा0विद्यालय अकड़ोली के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार लखनऊ में हुए सम्मानित



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार लखनऊ में हुए सम्मानित आपको बता दें रविवार को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन अम्बर होटल लखनऊ में किया गया था जिसमें प्रदेश के 60 जिलों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया था और राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय के नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें अतिथि राजकुमार यादव संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास लखनऊ उ0 प्र0,अजय सिंह प्राचार्य आई0टी0आई0 अमेठी, विवेक रुद्रा डायरेक्टर भूमि आई0ए0एस0 लखनऊ, मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 आदि अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।जिसमें जनपद हापुड़ से मुकेश कुमार प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली हापुड़ को उनके विद्यालय में किये गए उत्कृष्ट कार्य एवम नवाचारों हेतु सम्मान पत्र एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग 60 जनपदों के शिक्षको ने अपने अपने कार्य और नवाचार की प्रस्तुतियां दी गई।

# भारत के धन कुबेर हमारा व्यापारी वर्ग बिना उनकी सहायता के भारत का विकास संभव नहीं है-संजीव गोयल सिक्का



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** आर्य नगर स्थित बिजली के प्रमुख व्यापारी मोहन इलेक्ट्रिक के निवास पर व्यापारियों की एक बैठाक आयोजित की गई। इसमें दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संजीव गोयल सिक्का ने कहा कि भारत के धन कुबेर हमारा व्यापारी वर्ग है बिना उनकी सहायता के भारत का विकास संभव नहीं है विकास की भूमिका में व्यापारी अग्रणी भूमिका निभाते हैं इन्हीं के ही मेहनत से देश व्यापार में दिन प्रतिदिन उन्नति करता है तथा भारत के व्यापारियों का नाम देश-विदेश तक फैला है जिस देश का व्यापारी उन्नत होता है उसे देश का विकास अधिक तेजी से होता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिन प्रतिदिन व्यापारियों की समस्या को हल करने का कार्य किया है इस अवसर पर रवि मोहन गर्ग, विपुल गर्ग, मनोज गुप्ता, दीपक गर्ग, योगेंद्र अग्रवाल उर्फ मोनू ,मोनी अग्रवाल छावनी वाले ,सुधीर अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सोनपुर में मनाया डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का प्रथम स्थापना

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार





**हापुड़।** मौहल्ला सोनपुर सोटावाली में पिछले वर्ष 25 दिसंबर 2022 को समाजसेवी विनोद सागर व सहयोगी साथियों द्वारा सविधान रचियता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जहां सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के प्रथम स्थापना दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर युवा उत्थान समिति सोहनपुर सोटावाली कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि तीर्थ सागर मसाले फैक्ट्री के ओनर विनोद सागर की किसी कारणवश की अनुपस्थिति में पिंकी गौतम उपस्थित हुई तथा आतिथिगण मास्टर हीरालाल,के पी सिंह, सभासद विकास दयाल, कैलाश हल्द्वानी, एडवोकेट डोनिश जौहरी आदि लोग उपस्थित रहे। जहां सर्वप्रथम सभी लोगों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पण करते हुए उन्हें याद किया गया और सभी लोगों का कमेटी द्वारा पंचशील पटका पहनकर सम्मान किया गया तथा उसके उपरांत सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी नहीं होते तो हम शिक्षित नही होते तो वही कमेटी के सदस्य कुलदीप कुमार के निर्धन हुए भांजे और भांजी की पढ़ाई के लिए समाज का कोई भी व्यक्ति सहायता के लिए नहीं आया है। तो डॉक्टर बी आर अंबेडकर युवा उत्थान समिति ने उन बच्चों की आगे पढ़ाई का जिम्मा उठाने के साथ आगमी 14 अप्रैल 2024 पर दोनों बच्चों को दस दस हजार रुपए देने की घोषणा की गई। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जयंत बक्शी, सतीश आजाद , कुलदीप कुमार व समस्त मोहल्ले के महिला व पुरुष लोग उपस्थित रहे।

# सांसद ने नवनिर्मित कान्हा गौशाला का किया उद्घाटन

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**उन्नाव।** सोमवार को नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के नवनिर्मित कान्हा गौशाला का भव्य शुभारंभ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर सांसद डॉ0 सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात सांसद द्वारा अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह एवं नगर अध्यक्ष मिथिलेश जायसवाल, लिपिक प्रियंका शुक्ला, पशु चिकित्साधिकारी फतेहपुर चौरासी, समस्त सदस्यगण, नगर पंचायत कार्यालय कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# अटल बिहारी वाजपेई विलक्षण प्रतिभा के धनी थे उनमें प्रधानमंत्री रहते हुए एक महान कवि विद्यमान था:सत्येंद्र सिसोदिया

सुशासन दिवस के रुप मनाया गया अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए अटल गौरव पार्क में सोमवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई विलक्षण प्रतिभा के धनी थे प्रधानमंत्री रहते हुए भी एक महान कवि विद्यमान था उन्होंने जब 22 दलों की सरकार चलाई थी सभी दलों के मुखिया से यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि सभी एनडीए के एजेंडे पर चलते हैं उनके साथ देते हैं तो ठीक है अन्यथा हम अपना रास्ता स्वयं तय कर लेंगे लेकिन जनता का शोषण नहीं होने देंगे? पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने सड़कों से सड़कों को नदियों को नदियों से जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया था। आज की वर्तमान सरकार भी इस लक्ष्य पर कार्य कर रही है सड़क से सड़क जोड़ी जा चुकी है और नदियों से नदियां जोड़ने का कार्य अब होने वाला है जिले के प्रभारी प्रदेश में उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद सतपाल सैनी ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री परम सत्य अटल बिहारी वाजपेई के दिखाए हुए मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी एवं के समस्त कार्यकर्ता चल रहे हैं जिसका परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व पटेल पर चमक रही है विधायक विजय पाल आढती ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने संपूर्ण जीवन पार्टी में देश की सेवा में लगा दिया उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखना चाहिए जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों का कार्यकर्ता बंधुओ का धन्यवाद किया तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने इस कार्यक्रम को अपना अमूल्य समय दिया। इसके लिए संपूर्ण पार्टी उनका धन्यवाद करती है कार्यक्रम के संयोजक व संचालक प्रफुल्ल सारस्वत रहे इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, जिला महामंत्री श्याम इंद्र त्यागी,यशपाल सिंह सिसोदिया,मोहन सिंह, पुनीत गोयल ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश बंजरंगी की पिलखवा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विभु बंसल, राजीव सिरोही, अमित सिवल, राज सुंदर, तेवतिया क्षेत्रीय मंत्री कविता मादरे डॉक्टर पायल गुप्ता, यशोदा शर्मा, छवि दीक्षित, मनोरमा रघुवंशी,ज्योति सिंह, नीलम शर्मा, कपिल एस सम, मनोज बाल्मीकि,अशोक बबली, विनोद गुप्ता संजय त्यागी प्रवीण सिंगल राहुल शर्मा जिनेंद्र चौधरी योगेंद्र चौधरी अमित शर्मा मूलचंद त्यागी कमल त्यागी प्रशांत त्यागी रकम सिंह महेश शर्मा प्रमोद त्यागी जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को दी जानकारी



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** सोमवार को हापुड़ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पटना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर उपस्थित हुई। और ग्रामीण लोगों को समझाते हुए अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर ने ग्रामवासियों को भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देने की शपथ ली। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की व्यवस्थाओं को मजबूत कर नये भारत का निर्माण कर रही है तथा लाभार्थी किसानों को प्रमाण पत्र विपरीत किए। इस अवसर पर हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, जिला महामंत्री पुनीत गोयल, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अमित सिवाल, जिला महामंत्री किसान मोर्चा ज्ञान सिंह लोचव,मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंहल, ग्राम प्रधान सुनीता देवी, ग्रामवासियों सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जी ने पी0एम0 किसान योजना लागू कर किसानो का सम्मान बढ़ाया:-राठौर

# लोगों को योजनाओं को जानकारी देने के साथ लाभान्वित भी किया जा रहा है:-नितिन

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**



**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकास खण्ड बावन के ग्राम सघई बेहटा में मा0 प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने मा0 आबकारी एवं मंद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल के साथ फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। माननीय मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का विजन है कि कृषक की आमदनी दोगुनी हो । इसको ध्यान में रखते हुये माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढ़ाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। इससे पहले कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी के आगमन पर विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती बंदना के साथ स्वागत गीत तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मा0 मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि सरकार हर गरीब, असहाय को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्व है और इसी कड़ी में सभी ग्राम पंचायतों में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर लोगों को योजनाओं को जानकारी देने के साथ लाभान्वित भी किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जेपीएस राठौर, मा0 मंत्री नितिन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष, सहिकारिता समिति अध्यक्ष आदि आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जायेगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, केसी गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, डीडी कृषि, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# नवोदयन्स का हुआ समागम, स्कूली दिनों की खट्टी-मीठी यादें हुईं ताजा

❖ देश भर में 15 लाख से अधिक नवोदयन्स का नेटवर्क समाज को नई दिशा देने के लिए तत्पर-पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव।

❖ नवोदयन्स की उपलब्धियाँ नई पीढ़ी हेतु प्रेरणास्रोत-पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव।

**द अचीवर टाइम्स, प्रभात तिवारी**



**लखनऊ।** जवाहर नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्र-छात्राओं के समागम का आयोजन 25 दिसंबर को बनारस क्लब में वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से तमाम नवोदयन्स जुटे और अपनी जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नवोदयन्स की उपलब्धियों के विस्तार के साथ स्कूली दिनों की खट्टी-मीठी यादें ताजा कीढ्ढ स्वागत के बीच सभी ने एक से बढ़कर एक काव्यमय प्रस्तुतियाँ दीं।

इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे श्री अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन, श्री केके पांडेय, मुख्य वित्त अधिकारी, नगर निगम, सुश्री सुनीता गुप्ता, उपजिलाधिकारी, राजातालाब, श्री विनोद सिंह, असिस्टेंट कमाण्डेन्ट, सी.आर.पी.एफ, श्री रविंद्र देव, हेड, पेप्सिको इंडिया, श्री बृजेश त्रिपाठी डिप्टी रजिस्ट्रार, बीएचयू, श्री सुरेंद्र प्रसाद, प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान, बीएचयू, श्री घनश्याम यादव, अध्यक्ष नवोदय एल्युमिनाई वेलफेयर एसोसिएशन, कविवर श्री दान बहादुर सिंह, बिजनेस मैन श्री रजनीश कुमार, सोमेश, सुश्री ममता पांडेय, चीफ नर्सिंग इंचार्ज, बीएचयू, श्री हरिलाल, प्रोफ़ेसर, शारीरिक शिक्षा, श्री सुजीत कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, श्री राम जी त्रिपाठी, हैंडीक्राफ्ट्स प्रमोशन अधिकारी, सुश्री सुनैना, दंत रोग विशेषज्ञ, श्री अमित सिंह, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, राजर्षि स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, अभय यादव, निदेशक, आर. के. फार्मेसी कॉलेज, श्री अभिषेक वर्मा शारीरिक शिक्षा विभाग, बीएचयू, श्री सत्य विजय, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, भौतिकी विज्ञान, श्री सूर्य प्रकाश यादव, श्री उपेंद्र कुमार, श्री शिवम सहित तमाम नवोदयन्स ने भागीदारी की और अपने विचार साझा किये।

## उ0प्रा0विद्यालय अकड़ोली के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार लखनऊ में हुए सम्मानित

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार लखनऊ में हुए सम्मानित आपको बता दें रविवार को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन अम्बर होटल लखनऊ में किया गया था जिसमें प्रदेश के 60 जिलों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया था और राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय के नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें अतिथि राजकुमार यादव संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास लखनऊ उ0 प्र0,अजय सिंह प्राचार्य आई0टी0आई0 अमेठी, विवेक रुद्रा डायरेक्टर भूमि आई0ए0एस0 लखनऊ, मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ0 प्र0 आदि अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## एक नज़र

### दुबग्गा थाना क्षेत्र में बंद मकान का ताला तोड़ कर लाखों की ज्वैलरी सहित नकदी लेकर चोर रफूचक्कर

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया, काकोरी लखनऊ।** दुबग्गा के इसमत कॉलोनी में रविवार देर शाम बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नगदी सहित लाखों की ज्वैलरी की पार ,सूचना पर पहुचीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। कुमैल जाफरी इसमत कॉलोनी निवासी के अनुसार रविवार शाम पड़ोस में घर का ग्रह प्रवेश था ,वहाँ अपनी माँ व बहन के साथ दावत में गए थे,वापस करीब साढ़े नौ बजे आए तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ था,अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था समान बिखरा हुआ पड़ा था,अलमारी में रखी करीब 12 लाख की ज्वैलरी सहित 2 लाख रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।कुमैल ने बताया कि तीन महीने बाद बहन की शादी दी थी उसी उसी के लिए ज्वैलरी खरीद कर रखी थी।जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।सूचना पाकर मौके पर पहुचीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस के अनुसार अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### पेंटिग प्रतियोगिता के माध्यम से लिंग अधारित हिंसा से निपटने के लिए महिलाओं व लडकियों किया जागरूक

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार, हापुड़।** जिला प्रोवेशन अधिकारी ने बताया की मंगलवार को कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय नगर पालिका हापुड में वीर बाल दिवस व नयी चेतना 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय के बालिकाओ द्वारा पेंटिग प्रतियोगिता के माध्यम से लिंग अधारित हिंसा से निपटने ओर महिलाओं व लडकियों के अधिकारो के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन कार्यालय से मनीष द्विवेदी (संरक्षण अधिकारी), अजय कुमार (सह आकड़ा विश्लेषक), कु0 हुमा व रिंकू सिंह (समाजिक कार्यकर्ता), रविता चौहान (परामर्शदाता / प्रभारी केन्द्र प्रबंन्धक) एवं सोनिया (केस वर्कर) द्वारा अवगत कराया गया कि हमारी बेटिया भारत की स्वाभिमान है। साथ ही बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटिया भी अपने पैरो पर खड़ा होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। महिलओं की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपतकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थय सेवायें एवं 108 एम्बूलेंस सेवाओ के बारे में बताया तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, वन स्टॉप सेंटर आदि की जानकारी दी गई।



### संदेश का लक्ष्य शिक्षा के अधिकार के साथ छात्रों को मिले उत्तम स्वास्थ्य: पूनम परिहार

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार धौलाना।** नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा पोषण की ओर परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कम्पोस्ट विद्यालय डूंडाहेड़ा व लट्ठमार कालोनी में किया गया। जिसमे कक्षा 6 से कक्षा 8 के सभी छात्र छात्राओं के योगासन,मानसिक स्वस्थ, बीएमआई, एचबी व आँखों की जाँच की गयी। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।जाँच के पश्चात सभी छात्रों को निःशुल्क पोषण किट वितरित की गयीं।विद्यालय की छात्राओं को महावारी स्वच्छता प्रबन्धन के बारे में जागरूक कर उन्हें बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पेड निःशुल्क उपलब्ध कराई गयी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संदेश की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि संदेश का लक्ष्य शिक्षा के अधिकार के साथ साथ छात्रों को स्वास्थ्य का भी अधिकार मिले जिसके चलते संस्था द्वारा निःशुल्क स्वस्थ जाँच शिविर का आयोजन करा रही हैं। जाँच के पश्चात स्वास्थ्य के आधार पर सभी को पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है। तथा समय समय पर लगातार जाँच कराई जाएगी।सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ0 सोनी राम, डॉ नीधि व उनकी टीम ने परीक्षण कार्य किया।विद्यालय के प्रधान अध्यापिका प्रीति शर्मा व आदेश शर्मा ने संस्था का आभार प्रकट किया तथा इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों में विद्यालय सदैव सहयोग करता रहेगा।इस दौरान संस्था परियोजना समन्वयक स्वास्थ्य सुमित कुमार,रेखा,शिवसिंह रावतव मिशिका,सीमा आदि का सहयोग रहा।



### परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई 32 वाहनों के किए चालान

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार, हापुड़।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ के तहत मंगलवार को सडक सुरक्षा पखवाडा में आयोजित होने वाले कार्यकमों के अन्तर्गत रमेश कुमार चौबे सहायक साभागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) हापुड़, आशुतोष उपाध्याय, यात्रीकर अधिकारी हापुड द्वारा गालदानों द्वारा की जा रही ओवरलोडिंग के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। जिसके अन्तर्गत जनपद के विभिन्न थानों में तीन वाहनों को निरूद्ध किया गया तथा बिना कर जमा किये जाने के अभियोग में भी तीन वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए निरुद्ध किया गया।

# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के अधिवेशन में पुनः सुषमा अध्यक्ष एवं राजीव मिश्रा महामंत्री निर्वाचित

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



**शाहजहांपुर।** राजधानी लखनऊ के ए.पी.सेन मेमोरियल इण्टर कालेज प्राइमरी सम्भाग के प्रांगण मे उत्तर-प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का खुला 56 वा अधिवेशन सुषमा जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारी और शिक्षकों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी को जन्मदिवस के अवसर पर याद किया और एक दुसरे को मिठाई खिलाया। इसमें बाद विभिन्न प्रादेशिक विषमताओं पर मंथन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आनलाइन उपस्थिति के विभिन्न स्वरुपों का पुरजोर विरोध ज्ञापित किया गया। परस्पर व अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण लम्बे समय से आश्वासित होने के उपरान्त ?भी न होने के सम्बंध में विस्तृत चर्चा हुई । पदोन्नति के लम्बी अवधि से लंबित रहने पर भी अध्यापकों ने रोष प्रकट किया। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के दौरान पदावानत शिक्षकों को चयन वाले वेतनमान ( 10 वर्षों की संतोष जन?क सेवा मे होने के उपरान्त भी) के सम्बंध मे विस्तृत चर्चा करके चयन वेतन मान दिलाये जाने हेतु प्रयास करने का संकल्प लिया गया। प्रथम सत्र के अंत में कार्यकाल पूरा करने के उपरान्त कार्यसमिति को भंग कर दिया गया। अधिवेशन के द्वितीय सत्र में मनीष कुमार त्रिपाठी प्रधान सेवक को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया। उनके पर्यवेक्षण में सुषमा -अध्यक्ष, राजीव मिश्रा महामंत्री निर्वाचित घोषित किये गये । साथ ही अन्य पदों हेतु उक्त दोनो पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से, कर्मठ एवं योग्य शिक्षको को नामित मनोनीत करने हेतु अधिकृत किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच इंजीनियर बीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद देवेंद्र कुमार मिश्रा , प्रदेश संरक्षक दिवाकर मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा जी महामंत्री राजीव मिश्र , प्रदेश कोषाध्यक्ष अश्वनी अग्निहोत्री रहे। अधिवेशन के बाद शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने समस्त शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया और साथ ही सबको साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया।

## मा0 मंत्री एवं अन्य अतिथियों तथा जिलाधिकारी आदि ने गंगा में दो लाख मत्स्य बीज छोड़े

❖ मत्स्य पालक समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक मत्स्य पालन करें और अपनी आमदनी को दोगुना करें:जेपीएस राठौर

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**

**बिलग्राम हरदोई।** मत्स्य विभाग की ओर से तहसील बिलग्राम के राजघाट पर आयोजित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत सर्व प्रथम मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने विघायक आशीष सिंह आशू, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला सहकारिता समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, आकाश तिवारी व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी तथा मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ नाव पर सवार होकर दो लाख मत्स्य बीजों को गंगा में छोड़ा। इस अवसर पर उपस्थित मत्स्य पालकों को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार मत्स्य पालकों का आर्थिक एवं समाजिक जीवन स्तर उठाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है ताकि मत्स्य पालक समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक मत्स्य पालन करें और अपनी आमदनी को दोगुना करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सहकारित समिति अध्यक्ष ने भी मत्स्य पालकों को सम्बोधित कर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी ने मत्स्य पालकों को मोटर साईकल पर मछली बिक्री करने हेतु मोटर साईकल की चाबी एवं पात्र लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड तथा गरीब महिलाओं को कम्बल वितरित कियें।

# शिक्षामित्र की समस्याओं के समाज एवं कमेटी की बैठक जल्द सुशील यादव

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने मंगलवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा से मुलाकात कर शिक्षामित्रों की समस्याओं के समाधान हेतु बनी कमेटी की जल्द बैठक करने का अनुरोध किया जिस पर महानिदेशक एवं निदेशक बेसिक शिक्षा ने कमेटी की बैठक करने के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया कल तक कमेटी की बैठक की तारीख निर्धारित होने की पूरी उम्मीद है उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में पिछले 23 साल से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्र द्वारा बार-बार किया जा रहे आंदोलन में प्रमुख रूप से शिक्षामित्र को स्थाईकरण किए जाने, उनका मूल विद्यालय वापसी, महिलाओं को ससुराल के निकट विद्यालय में तैनाती, मेडिकल सुविधा दिए जाने एवं जनवरी माह का पूरा मानदेय दिये जाने की मांग कर रहे हैं अक्टूबर में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा में संघ के द्वारा किए गए विशाल प्रदर्शन के बाद प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने निदेशक बेसिक शिक्षा को निर्देशित किया था निदेशक बेसिक शिक्षा की अध्यक्षता में निदेशक एस सी आर टी, वित्त नियंत्रक मध्यान भोजन प्राधिकरण, एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, की कमेटी बनाई गई थी कमेटी की बैठक उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी के साथ जल्द ही की जाएगी जिसमें शिक्षामित्रों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रस्ताव बनाकर सरकार के पास जाएगा शिक्षामित्र को इस कमेटी से बहुत उम्मीद है और सरकार से उनके सुरक्षित भविष्य की आशाएं हैं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं निदेशक बेसिक शिक्षा से उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश मिश्रा प्रदेश मंत्री अरविंद वर्मा लखनऊ से हरि नाम सिंह शामिल रहे।

# ब्लाक प्रमुख ने दो नाला व तीन वाटर कूलर समेत इंटरलॉकिंग का किया उद्घाटन

**द अचीवर टाइम्स अनुराग तिवारी**



**नगराम, लखनऊ।** मोहनलालगंज विकासखंड के कांटा करौंदी , छतौनी व हसनपुर में 10 लाख की लागत के तीन जगहों पर वाटर कूलरो समेत दो अलग गांवों में 10 लाख के लागत के नाले व एक मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग 10 लाख व इंटरलॉकिंग 5 लाख की लागत से बने सड़क मार्ग का उद्घाटन मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख ने किया। मंगलवार को मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के कांटा करौंदी व हसनपुर गांव में ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला %बिंदेश्वरी% ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ 20 लाख की लागत से बनाए गए नाले का उद्घाटन किया। हसनपुर गांव स्थित पाटन देवी मंदिर पर ब्लॉक प्रमुख ने उद्घाटन के पूर्व माथा टेका और समग्र ग्राम का भ्रमण किया , तत्पश्चात मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग समेत सामुदायिक केंद्र व विद्यालय में 10 लाख की लागत से लगायें गये तीन वाटर कूलरो का ब्लॉक प्रमुख ने नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। छतौनी ग्राम पंचायत में लगभग 100 मी इंटरलॉकिंग 5 लाख की लागत से बने सड़क मार्ग का उद्घाटन किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख का जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को माला पहनाई । ग्रामीण सराहना करते हुए कहा कि यह वाटर कूलर सही जगहों पर लगें हैं। इस मौके पर जेई रवीन्द्र यादव,राजेश पाण्डेय, अखिलेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू, सुभाष पांडेय,प्रधान बृजेश वर्मा , अमित जायसवाल,छतौनी प्रधान प्रतिनिधि दिलीप रावत , पूर्व प्रधान राजाराम , नीरज द्विवेदी, बद्री विशाल बाजपेई,अंकुश वर्मा, राजू गुप्ता सहित क्षेत्र के कई क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय कार्यशाला में शिक्षिका नीलम और अल्का को मिला सम्मान




**द अचीवर टाइम्स अनुराग तिवारी**

**मोहनलालगंज,लखनऊ।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा व्यवसायिक शिक्षा विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा व्यवसायिक शिक्षा के कार्यों का उत्कृष्ट तरीके से प्रस्तुतीकरण किया। राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन लखनऊ के अम्बर होटल में में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास लखनऊ उ.प्र. राजकुमार यादव, आईटीआई अमेठी के प्राचार्य अजय सिंह, डायरेक्टर भूमि आई.ए.एस विवेक रुद्रा, शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह समेत तमाम अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा व्यवसायिक शिक्षा विषय के नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय मलकिया रानीखेड़ा की सहायक अध्यापिका नीलम पुष्कर तथा प्राथमिक विद्यालय जवाहर खेड़ा, बछरावां, रायबरेली की सहायक अध्यापिका अल्का सिंह को पिछले कई वर्षों से बच्चों की शिक्षा के साथ साथ ग्रामीण जनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि करीब तीन माह पूर्व राज्य स्तरीय कार्यशाला के लिए शिक्षकों से ऑन लाइन नवाचार मांगे गए थे। जिसमें शिक्षकों ने विद्यालय में उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी प्रयासों का प्रस्तुतीकरण किया था। जिसमें चयन समिति द्वारा प्रदेश भर से 60 शिक्षकों का चयन किया गया था।

# फॉरेस्ट गार्ड और लकड़कट्टो के बीच ये कैसा प्रेम



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख वन क्षेत्र में आए दिन होने वाले वृक्ष कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है रेंज अधिकारी दिनेश गुप्ता सूचना मिलने पर अधीनस्थों को कार्यवाही का निर्देश तो देते हैं लेकिन कुछ शातिर किस्म के फॉरेस्ट गार्ड गलत और कम वृक्षों की सूचना देकर अधिकारी को जहां गुमराह कर देते हैं वहीं लकड़कट्टो को मिल जाता है अभयदान । उपरोक्त क्रम में जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मछरेहटा थाना क्षेत्र के पांडे खेरा और दुघरा गाँव के मध्य बिहट बीरम गाँव निवासी राम सिंह की बाग स्थित है इसमें खड़े वृक्षों का कटान करने के लिए विभाग से 22 आम के पेड़ों का परमिट जारी कराया गया लेकिन सूत्रों के अनुसार बाग से 37 आम के भारी भरकम वृक्षों के साथ ही एक अन्य प्रजाति के वृक्ष का लकड़कट्टों द्वारा कटान कराकर साफ करा दिया गया मामले में पूछने पर क्षेत्र में तैनात फ़ारेस्टगार्ड दिलीप कुमार ने बताया कि मौके से जांच करके लौट रहा हूं 25 पेड़ कटे हैं जबकि परमिट 22 का ही था दूसरी तरफ फॉरेस्टर विजय श्रीवास्तव ने मौके पर जाकर देखने की बात से ही इनकार कर दिया जबकि जानकार सूत्रों का कहना है कि बाग से 38 पेड़ काटे गए हैं इस तरह लकड़ी और फारेस्ट गार्ड के मध्य चल रहे तालमेल से उच्चधिकारी किये जा रहे हैं गुमराह और पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाने वाले वृक्षों का धड़ल्ले से हो रहा है कटान इस ओर जनपद के वन अधिकारी को गंभीरता से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की आवश्यकता है ताकि धरती वृक्ष विहीन होने से बच सके।

# काकोरी बहरू मार्ग से सरांय अलीपुर मार्ग आधी अधूरी बनी गड्ढा मुक्त सड़क

❖ गड्ढों में कम रॉ मिटीरियल डालकर घटिया बना दी गई सड़क।
❖ आम जनमानस के साथ किया जा रहा है छलावा।

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।



जिला पंचायत सदस्य जीतेन्द्र सिंह गुड्डू नें बताया कि जो गड्ढा मुक्त नाम की आधी अधूरी सड़क बना कर पेमेंट करा लिया गया है सिर्फ खानापूर्ति की है इसकी जांच होनी चाहिए।

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र की सड़क गढ़ों में तब्दील तो हो ही गई है साथ ही आधी अधूरी सड़क बनाने का काम किया गया तिलसुआ भगमत खेड़ा मोड़ से भुल ई खेड़ा तक रोड़ को गड्ढा मुक्त जो काम किया गया वह बहुत ही खराब तरीके से कराया गया। गड्ढा मुक्त तो नहीं किया हां यह जरूर है कि गड्ढा युक्त जरुर बना दी गई सड़क। यह जो सड़कों पर गड्ढे भरने का काम किया गया है उसको देखने में तो यही लगता है की यह सड़क हफ्ता 15 दिन भी अगर चल जाए तो भी बहुत बड़ी बात है सरकार के आदेशों को जमीनी हकीकत में ठेकेदार कुछ और करके दिखा रहे हैं यहां तक सरकार की मंशा है की सभी सडकें गड्ढा मुक्त की जाए और जिनकी हालत बहुत ही खराब है उनको दोबारा फिर से नवीनीकरण किया जाए ताजा मामला काकोरी बहरू मार्ग से सरायं अलीपुर मार्ग का है जहां पर महीनों पहले गड्ढा मुक्त करनें के लिए दीपावली से पहले कार्य चालू किया गया था जो थोड़ा कार्य करनें के बाद कार्य में लापरवाही कर रोक दिया गया। और जो भी कार्य किया भी गया वह घटिया सामग्री लगा कर सिर्फ रोड को गड्ढा मुक्त कहनें के लिए किया गया। जबकि गड्ढे वैसे ही मौजूद हैं। जो गड्ढों में गिट्टी डाली जा रही है वह भी कम मात्रा में डाल कर कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है। गड्ढा भरनें के नाम पर सरकार को लगाया जा है चूना। जबकि यह सड़क दर्जनों ग्राम पंचायतों को जोड़ते हुए मलिहाबाद मोहान मार्ग से मलिहाबाद तहसील और बाजार भी पहुंचनें के लिए भी सार्ट कट मार्ग है 7 इस मार्ग पर रात दिन बराबर आवागमन रहता है। शुबह किसान अपनी सब्जी और फूल भी लेकर लखनऊ जाता है। जबकि लखनऊ में पढ़नें वाले बच्चों को भी इसी मार्ग पर सायकिल और बाइक से आना जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों यह भी बताया कि अगर इसी तरह यह रोड बनी तो ज्यादा दिन टिक नहीं पाएगी और इससे ज्यादा गड्ढे हो जाएंग। जबकि इसी मार्ग पर बहुत ज्यादा गड्ढे होने से क ई लोग काल के गाल में समा चुके हैं। फिर भी इतनी बदहाल सड़क को ठीक तरह से न बनाया जाना कुछ न कुछ आम जनमानस के छलावा साबित हो रहा है। जबकि इसी मार्ग पर शाहपुर, इमलिहा, भट ऊ जमालपुर, खालिशपुर, असरफ खेड़ा, भुल ई खेड़ा, सरायं अलीपुर, बसरेला,अस्त खेड़ा,लंगोटा खेड़ा, तिलसुआ और क ई गांव होने से लोगों में इस मार्ग को लेकर काफी असंतोष है।

# आपराधिक घटना करने की फिराक में घूम रहे दो शातिर आपराधी पुलिस मुठभेड़ के बाद हुए गिरफ्तार



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** थाना देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाद में पुलिस मुठभेड मे आपराधिक घटना करने की फिराक में घूम रहे 2 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। जिनके कब्जे से अवैध असलहा मय जिन्दा व खोखा कारतूस, अवैध चाकू, तार कटर, लोहे की रॉड, फर्जी नम्बर प्लेट लगा छोटा हाथी बरामद। आपको बता दें थाना हापुड़ देहात एसओ सुमित तोमर व उप निरीक्षक शरद यादव ने धनौरा असौडा मार्ग से पीर बाबा की ओर जाने वाले रास्ते से चेकिंग के दौरान अआपराधिक घटना करने की फिराक में घूम रहे खुशनूर उर्फ खुशनूद निवासी ग्राम ललियाना थाना किठौर व दीपक पुत्र सुरेश निवासी ग्राम मुरलीपुरा थाना मुंडाली जनपद मेरठ को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से एक अवैध तमंचा में एक जिंदा व एक खोखा कारतूस .315 बोर, एक अवैध चाकू, एक लोहे की रोड, एक रस्सी, एक तार कटर एवं एक फर्जी नंबर प्लेट लगा छोटा हाथी बरामद किया है जिनमें से खुशनूर उर्फ खुशनूद निवासी ग्राम ललियाना जो शातिर किस्म का अपराधी। जिस पर जनपद मेरठ में लूट,विधुत अधिनियम, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

## साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन ने बालिकाओं व महिलाओं को वितरण किए निशुल्क सैनेटरी पैडस

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** ग्राम कटीखेड़ा एवं फूलगढी में साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन के सौजन्य से हर महीने की तरह मंगलवार को भी साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉक्टर सौम्या पांडे एवं साइलेंट एफर्ट्स फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ निधि शर्मा साइलेंट एफर्ट्स फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कुसुम सिद्धू एव कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बालिकाओं तथा महिलाओं को निशुल्क पैडस वितरण किऐ और भविष्य में भी किए जाते रहेंगे साइलेंट एफर्ट्स फाउंडेशन की सदस्य सुषमा देवी ने समस्त ग्रामीण बालिका और महिलाओं को बताया कि हमें पॉलीथिन और प्लास्टिक से बचना चाहिए और उससे पर्यावरण पर होने वाले नुकसान के बारे में समझाया सुषमा देवी ने समस्त ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया कि हमें जब भी बाजार जाना चाहिए तो घर से कपड़े का थैला लेकर जाना चाहिए ताकि प्लास्टिक को कम से कम इस्तेमाल किया जा सके और उन्होंने सभी महिलाओं को यह भी बताया कि अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

## एक नज़र

### पूर्व राष्ट्रपति स्व0 ज्ञानी जैल सिंह की 29 वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली पहुचकर एकलव्य सिंह सहारा ने किया नमन

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने ज्ञानी जै़ल सिंह के पोते इंद्रजीत सिंह, बब्बू एवं रामघरिया बोर्ड के चैयरमैन जितेंद्र पाल सिंह आदि के साथ नई दिल्ली के राजघाट पर स्थित भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति स्व~ ज्ञानी जैल सिंह की 29 वीं पुण्य तिथि पर समाधि एकता स्थल पर पहुंच कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और एकलव्य सहारा ने कहा कि स्वर्गीय सरदार ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने 1982 से 1987 तक भारत के 7 वें राष्ट्रपति और पंजाब के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह राष्ट्रपति बनने वाले पहले सिख थे। इस पुण्य तिथि समारोह में भारत सरकार के नेता जितेंद्र पाल सिंह गागी (अध्यक्ष रामघरिया बोर्ड दिल्ली), गुरमिंदर सिंह मथारू, जगजीत सिंह मुदार, कर्म सिंह, गुरप्रीत सिंह रम्मी आदि और सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### फलपट्टी गांव में आम की बाग में विकसित की जा रही आवासीय प्लाटिंग।

तहसील प्रशासन की उदासीनता से प्रतिबंधित जोन में धड़ल्ले से विकसित हो रही आवासीय कालोनियां।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**बीकेटी लखनऊ।** बीकेटी क्षेत्र के तमाम गांव फलपट्टी जोन के अंतर्गत आते हैं। सरकारी शासनादेश की मानें तो इन गांवों में औद्योगिक गतिविधियां व आवासीय प्लाटिंग विकसित करने पर प्रतिबंध है। लेकिन बीकेटी क्षेत्र में प्रापर्टी डीलर सरकारी नियम कायदों को मानने में यकीन नहीं रखते हैं यही वजह है कि क्षेत्र के फलपट्टी गांवों में धड़ल्ले से कृषि योग्य भूमियों व आम की बागों में प्लाटिंग हो रही है। ताजा मामला बीकेटी तहसील अंतर्गत जमखनवां गांव का है जहां पर लगभग बीस बीघे में विकसित आम की बाग में प्रापर्टी डीलरों द्वारा धड़ल्ले से प्लाट बेचें जा रहे हैं। अधिकतर आम के पेड़ों की छंटाई हो चुकी है व जल्दी ही इन निर्दोष फलदार आम के वृक्षों पर आरा चलने की पुष्टि कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर की। आपको बता दें कि नियमानुसार फलपट्टी अंतर्गत गांवों में कृषि योग्य भूमि व बाग का भू परिवर्तन (धारा 80) नहीं किया जा सकता लेकिन तहसील प्रशासन की मिलीभगत से यह काम धड़ल्ले से हो रहे हैं। जहां एक ओर सरकार फलपट्टी जोन में वृक्षारोपण के नाम पर वृक्ष सरंक्षण के नाम पर करोड़ों रुपया फूंक रही है वहीं मोटा मुनाफा कमाने की चाहत में प्रापर्टी डीलर फलपट्टी जोन में लगातार आवासीय प्लाटिंग विकसित कर सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। जानकार बताते हैं कि बिना जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से यह सब संभव नहीं है। अगर आपमें जेब गरम करने की क्षमता है तो नियम कानून ताक पर रख दिए जाते हैं।

**(क्या बोले जिम्मेदार~ इस विषय पर बात करने पर उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आम की बाग को बचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस विषय पर वनविभाग के अधिकारियों से बात की जाएगी। जल्द ही टीम भेजकर मौके की जांच करवाऊंगा व इस कृत्य में लिप्त दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।)**

# मासिक पंचायत में उठे किसानों के गन्ना भुगतान समेत कई मुद्दे

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** जिला मुख्य कार्यालय पर होने वाली मासिक पंचायत के दौरान किसान व मजदूरों समेत बकाया गन्ना भुगतान और अन्य कई मुद्दे रखे गए। मासिक पंचायत के दौरन जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि किसानों को शुगर मिल लगातार बेवकूफ़ समझ रहा है क्योंकि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान पिछले वर्ष और इस वर्ष का भुगतान पूर्ण रूप से नही कर रहा है जिसके लिए बड़े स्तर पर जल्द ही आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वही जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा है कि किसानों फसल को आवारा पशुओं के साथ-साथ बंदर भी बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसमें कई किसानों समेत बच्चे भी घायल हो गए हैं जिसके लिए शासन प्रशासन से भी जल्द ही आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। पंचायत में इस मौके पर महिला विंग नीलम त्यागी, पूनम रानी, जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद, जिला कार्यकारणी सदस्य ओमबीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हापुड़ पुष्पेंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष गढ़ श्याम सुंदर त्यागी, विनोद शर्मा, मामचंद शर्मा, बिल्लू त्यागी, सचिन सिवाल, सुनील कुमार, अनवर मलिक, पीके वर्मा, प्रदीप चौधरी राज किशोर समेत गाँव स्तर से जिला स्तर तक के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बेखौफ चोरों की हिम्मत, आती रही लाइट काटते रहे तार

❖ रात के अंधेरे में आठ खंभों के तार चोरी , लोगों के घर के सामने से काटे गए तार!

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम चकौली में आठ खंभों के चोरों ने काटे तार अभी तक तो लोगों के घर में ही चोर करते थे चोरी लेकिन अब बिजली विभाग पर भी डाका डाल रहे हैं चोर चोरों को नहीं रहा पुलिस प्रशासन एवं बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों का डर चोरों ने करीब 8 खंभों के कांटे तार बिजली विभाग को भनक तक नहीं लग पाई ?

सरोसा भरोसा पावर हाउस के ग्राम चकौली रात के अंधेरे में आठ खंभों के तार चोरी , आती रही लाइट काटते रहे तार चोरों ने किसी को भी भनक तक ना लगे दिया पास में रह रहे लोगों को ! पहले तो कई सालों से लोगों के घरों तक बिजली का नामोनिशान नहीं था और जब आज लोगों के घरों में बिजली पहुंची तो उसे भी चोरों ने अपना निशाना बनाया और आज जब प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के गरीब परिवारों को बिजली की सुविधा प्रदान करने के लिए की गयी है । देश के जो आर्थिक रूप से गरीब लोग बिजली का कनेक्शन नहीं ले पाते और बिना बिजली के ही जीवन यापन कर रहे है उन परिवारों को केंद्र सरकार की तरफ से मुफ्त में ही बिजली का कनेक्शन दिया गया। लेकिन उसे पर भी चोरों की नीयत हुई खराब खंभे की तार को बनाया अपना निशाना, इस योजना को प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रो के गरीब परिवारों को शामिल किया गया ! लाइन काटने से करीब 15 से 20 घरों को नहीं मिल पाएगा अब बिजली का लाभ जिसमें एक विद्यालय और एक पानी का टेबल भी था शामिल ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा तार कट जाने से वही जब सुबह ग्रामीणों ने देखा थी बिजली के खंबे के तार कटे हुए हैं जिसकी सूचना ग्राम प्रधान को हुई तभी ग्राम प्रधान ने पावर हाउस पर सूचना की उसके बाद ग्राम प्रधान ने पूरी काकोरी थाने में पुलिस प्रशासन को भी दी !

# ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान परिवार में मचा कोहराम

द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र





**फरधान।** लखीमपुर जीआरपी रेलवे क्षेत्र में फरधान देवकली स्टेशन के बीच हलूआपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर बरगदिया गांव के एक युवक ने मंगलवार की सुबह मैलानी से लखनऊ जाने वाली ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पुलिस लखीमपुर और थाना फरधान पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, सूचना पर मृतक युवक के परिजन गमगीन है। मंगलवार की सुबह फरधान देवकली रेलवे स्टेशन के बीच स्थिति गांव हलुआपुर के पास एक युवक बाइक से आया। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने बाइक रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी करके वहीं पर टहलने लगा। बताया जा रहा है कि जैसे ही मैलानी से लखनऊ को जाने ट्रेन संख्या 0586 फरधान और देवकली स्टेशन के हलुआपुर गांव के सामने पहुंचीं तभी टहल रहे युवक ट्रेन के आगे कूद गया और कटने से उसकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। पहले शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया। पुलिस के कुछ देर शिनाख्त कराने के बाद मृतक की पहचान फरधान थाना क्षेत्र के गांव बरगदिया निवासी हरपेज सिंह 22 पुत्र कुलवंत सिंह के रूप में हुई। स्थानीय पुलिस ने सूचना देकर मृतक युवक के परिजनों को भी बुलाया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ ब्रजेश कुमार मौर्य ने प्रथम जांच में पता है कि युवक अपने घर से किसी बात से नाराज होकर आया था। उसके बाद उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्मघाती कदम उठाया है। मृतक के पिता की मौत जहर खाने की वजह से दो तीन साल पहले हो गई थी। तभी से हरपेज सिंह अपने गांव में भाई भाभी के साथ रहता था। युवक की मौत से परिजन गमगीन है।

**जन-जन में अलख जगाएंगे तुलसी का पौधा लगाएंगे**

# तुलसी से रोग दोष मिटाएंगे सनातन धर्म ध्वजा लहराएंगे



द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।

**लखनऊ।**तुलसी पूजन दिवस पर गोमती तट लक्ष्मण मेला पार्क में मुख्य अतिथि रेनू शर्मा के नेतृत्व में व विशेष अतिथि अनारा देवी शहीद संस्थान के अध्यक्ष ओज कवि मुकेशानंद ने निःशुल्क गरीब बच्चों को शिक्षा देने वाले समाज सेवी संदीप साहू,जूली अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संदीप शक्ति, वीरभद्र,अरबिन्द कुमार, रंजना, नवनीत शुक्ल,ऋषी अहूजा, चौधरी सिंह,नकुल सक्सेना,कंचन सिंह ने बच्चों को तुलसी पूजन की जानकारी दी।चार बर्षीय भारतीय कश्यप वेटी ने मौखिक गायत्री मंत्र मुख्य अतिथि को सुनाया और बच्चों ने तुलसी पौधों से होने वाले लाभ भी बताये।इस अवसर पर मुकेशानंद ने बच्चों को पुरुस्कृत किया और समाजसेवियों ने बच्चों को मिठाइयां वितरण की।संदीप साहू बहुत बड़ा योगदान है की निशुल्क इन बच्चों को शिक्षा देते हुए राष्ट सेवा कर रहे हैं आने वाले समय में तन मन धन से इन बच्चों की सहायता की जाएगी कॉपी किताब और बैठने की व्यवस्था की जाएगी।बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं यही बच्चे आगे चलकर देश की बागडोर भिन्न भिन्न क्षेत्रों में संभालेंगे।इस अवसर पर अटल जी का भी जय घोष नारा लगाया गया।

## भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्वप्निल परियोजना से कब छंटेगी धूल

# पूर्व पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल थी परियोजना

❖ कूड़ेदान में गई कूड़े से बिजली व खाद्य बनाने की परियोजना,
❖ लखनऊ के दुबग्गा में 19 साल पहले लगाया गया था प्लांट

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।





**लखनऊ।** रोज-रोज नई परियोजना के चकाचौंध में खो गई भारतरत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की परियोजना।कूड़े पर योजनाएं खूब बनती है।बड़े सपने पलते हैं।चौंकिए नहीं,कभी कूड़े से खाद बनाने की योजना...तो कभी सड़क बनाने की।यह खबरें सुकून देती हैं कि कुछ नया हो रहा है।पर,हकीकत में खंगाले तो यह योजनाएं जल्दी ही जमीन दो हो जाती हैं।कूड़े की ही तरह,कोई इनकी सुध नहीं लेना चाहता।ना इन पर बात करना चाहता है।आखिर क्यों?थोड़ा पीछे चलिए।पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की पहल पर दो दशक पहले कूड़े से 5 मेगावाट बिजली बनाने की योजना बनी थी,80 करोड़ रुपये खर्च हुए।रोशनी तो मिली नहीं,अलबत्ता लगभग 19 साल से यह योजना अंधेरे में गुम हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार रही कूड़े से बिजली उत्पादन संयंत्र लगभग 16 साल से बंद है।नगर निगम के हरदोई रोड पर दुबग्गा के पास यह संयंत्र लगा,तो राजधानी के लोगों में बदलाव की उम्मीद जगी थी।लोगों को लगा कि कुछ इनोवेटिव हो रहा है।पर,बिजली उत्पादन तो दूर यह संयंत्र कभी ठीक से चल ही नहीं पाया और इस पर ताला लग गया।जब यह योजना बनी थी तब भी देश,प्रदेश और शहर में भाजपा की सरकार थी और आज फिर वही संयोग है।ऐसे में क्या अटल जी की %स्वप्निल परियोजना% पर से धूल छंटेगी।पहले यह समझना जरूरी है कि यह संयंत्र क्यों नहीं चला पाया।अगर इसका विश्लेषण करें तो संयंत्र शुरू होने के बाद से ही सढ़ने वाले कचरे की उपलब्धता को लेकर नगर निगम और कार्यदायी संस्था एशिया बायो एनर्जी के बीच किच-किच शुरू हो गई थी।पर मामला इतना भर ही नहीं है।अगर यह योजना फेल हुई तो उसके पीछे ढ़ेरों कारण है। नगर निगम के लोगों ने बताया कि फिजिस कम्पनी की वजह से प्लांट ठप हुआ था,पांच वर्ष पहले उसी कम्पनी ने फिर शासन में इसे चलाने के लिए पत्र दिया था।इसमें कहा गया था कि प्लांट को लेकर करीब 90 करोड़ रुपए का कर्ज है और करीब 20 करोड़ रुपए प्लांट के मेंटेनेंस पर खर्च होंगे।यदि यह पैसा सरकार दे तो वह प्लांट को चलाने के लिए तैयार है।जिस पर शासन ने नगर निगम से रिपोर्ट मांगी थी।उस पर नगर निगम की ओर से डिफॉल्टर कम्पनी के बारे में पूरी रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। परियोजना की एक संक्षिप्त झलक 24 दिसंबर 1977 को नगर निगम सदन में प्रस्ताव किया,25 नवंबर 1998 को अटल बिहारी बाजपेई ने शिलान्यास किया,4 अक्टूबर 2001 को भूमि पूजन,2003 में शुभारंभ,बिल्ड ऑन आपरेट एंड मेंटेनेंस पर थी योजना,76 करोड़ थी कुल लागत,इसमें 20 करोड़ रुपए इक्विटी,20 करोड़ का ऋष्टा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी से,5 एकड़ जमीन हरदोई रोड पर बरामद खुर्द में नगर निगम ने दी,जमीन पर लोन लेने की छूट दी गई,5 मेगावाट बिजली और 135 टन खाद प्रतिदिन बनाने का लक्ष्य,5त्न खाद में और 1त्न बिजली उत्पादन में थी निगम की हिस्सेदारी,35 से 40 लाख रुपए की सालाना इनकम की थी उम्मीद,300 मीटर टन कचरा निगम को रोज देना था,इसमें 120 पढ़ने वाला शामिल था। 40त्न सड़ने वाला कचरा चाहिए था परियोजना के संचालन के लिए।

# स्वाद से लेकर वजन घटाने में फायदेमंद है पनीर



## पनीर में कैलोरी की मात्रा होती है कम



जब भी हम पनीर के बारे में सोचते हैं तो हम वास्तव में इसे एक लजीज व्यंजन के तौर पर देखते हैं। हालांकि, बहुत से लोग इस बात से वाकिफ नहीं होंगे कि प्रोटीन से भरपूर पनीर वास्तव में आपके वजन को आसानी से घटाने में आपकी मदद कर सकता है।

हम भारतीयों का पनीर के साथ एक विशेष प्यार होता है। पनीर सैंडविच, पनीर पराठा से लेकर बटर पनीर मसाला ऐसी स्वादिष्ट चीजें है, जो उन सभी की जुबां को सूट करते हैं, जिन्हें खाने का स्वाद लेना पसंद होता है। जब भी हम पनीर के बारे में सोचते हैं तो हम वास्तव में इसे

कैलोरी के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है और साथ ही कुछ स्वादिष्ट खाने की आपकी

एक लजीज व्यंजन के तौर पर देखते हैं। हालांकि, बहुत से लोग इस बात से वाकिफ नहीं होंगे कि प्रोटीन से भरपूर पनीर वास्तव में आपके वजन को आसानी से घटाने में आपकी मदद कर सकता है। जी हां, यह शानदार फूड आपके जरूरत को भी पूरा करता है। स्वादिष्ट होने के अलावा पनीर में अत्यधिक मात्रा में प्रोटीन होता है और साथ कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है। और सबसे जरूर बात अगर आप शाकाहारी हैं तो पनीर आपकी रोजमर्या की प्रोटीन की जरूरत को पूरा करने का सबसे अच्छा स्त्रोत है। अगर आप वजन घटाने की इच्छा पाले हुए हैं तो हम आपको अपनी



डाइट में पनीर शामिल करने के ऐसे चार बड़े कारण बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए आप इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि लो-फैट गाय के दूध से बने 100 ग्राम पनीर में करीब 1.2 ग्राम कार्बोहाइड्रेट यानी की मात्र 72 कैलोरी होती हैं। इसलिए यह आपके वजन घटाने के डाइट प्लान में शामिल करने के लिए अच्छी चीज साबित हो सकती है। वे लोग, जिन्होंने वजन घटाने के लिए अभी अपनी डाइट शुरू नहीं की है उनके लिए वजन घटाने में हेल्दी फेट वास्तव में बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि जब आपकी बॉडी में अधिक हेल्दी फैट जाता है तो आपकी बॉडी उर्जा के लिए उसे बर्न करना शुरू कर देती है, जो वजन घटाने में मदद करता है।

# भारतीय कुश्ती संघ निलंबित नहीं, प्रियंका गांधी का दावा; केंद्र सरकार पर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप

खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' की। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केंद्र सरकार पर भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) को भंग करने के बारे में झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रम फैलाने और भाजपा सांसद को बचाने के लिए इसकी गतिविधियां रोकी गई हैं। प्रियंका गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं सामने आती हैं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरी ताकत से आरोपियों को बचाती है और पीड़ितों पर अत्याचार करती है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर हिंदी में लिखे पोस्ट में पूछा, %%भाजपा सरकार कुश्ती संघ को भंग करने की झूठी खबर फैला रही है। कुश्ती संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ उसकी गतिविधियों को रोका गया है ताकि भ्रम फैलाकर आरोपी को बचाया जा सके। एक पीड़ित महिला की आवाज दबाने के लिए इस स्तर पर जाना पड़ रहा है? देश को गौरवान्वित करने वाली नामचीन खिलाड़ियों ने भाजपा सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगाया तो सरकार आरोपी के साथ खड़ी हो गई। पीड़िताओं को प्रताड़ित और आरोपी को पुरस्कृत किया।

**प्रियंका गांधी ने और क्या लिखा?**

प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने भी इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, %%प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। महिला पहलवानों से आंदोलन वापस लेने की एवज में दिये गये



आश्वासन को गृहमंत्री भूल गए।%% उन्होंने कहा कि यह अहंकार की पराकाष्ठा है कि जिस भाजपा सांसद पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप है, उसने खुद ये भी फैसला करवा लिया कि अगली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भी उसी के जिले में और उसी के कॉलेज मैदान पर होगी। प्रियंका ने आरोप लगाया, %%इस अंधेरगर्दी और अन्याय से हारकर ओलंपिक विजेता साक्षी मलिक ने कुश्ती ही छोड़ दी, खिलाड़ी अपने पुरस्कार वापस करने लगे तो सरकार अफवाह फैला रही है। जहां भी किसी महिला पर अत्याचार होता है, यह सरकार अपनी पूरी सत्ता की ताकत के साथ आरोपी को बचाती है और पीड़ित को ही प्रताड़ित करती है। आज हर क्षेत्र में महिला नेतृत्व की बात होती है लेकिन सत्ता में बैठे लोग ही आगे बढ़ रही महिलाओं को प्रताड़ित करने, दबाने और हतोत्साहित करने में लगे हैं। देश की जनता, देश की महिलाएं यह सब देख रही हैं।%%

**इस कारण कुश्ती संघ को किया गया निलंबित**

खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' की। मंत्रालय ने साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को खेल संस्था का कामकाज देखने के लिए तदर्थ पैनल गठित करने को कहा है।

**बृजभूषण शरण के करीबी संजय बने थे अध्यक्ष**

डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित देश के चोटी के पहलवानों ने बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। बृजभूषण के करीबी संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई के चुनाव में अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार सरकार को वापस लौटा दिया था। इससे पहले गुरुवार को साक्षी मलिक ने इसी कारण से कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

# घुटने की स्ट्रेंथ को बढ़ाने के लिए करें यह चार सिंपल एक्सरसाइज



सिट टू स्टैंड एक बेहद ही सिंपल एक्सरसाइज है। इसके लिए आप पहले एक कुर्सी पर बैठ जाएं। अब दोनों घुटनों के बीच कुशन रखें। पैरों को हल्का सा पीछे ले जाएं और हाथों को सामने की ओर रखें। अब आप इस अवस्था में उठ जाएं। आप इस एक्सरसाइज के दस रेप्स के दो सेट्स करें। अक्सर बढ़ती उम्र में घुटने में दर्द होना बेहद कॉमन प्रॉब्लम है। इतना ही नहीं, कुछ लोग तो कम उम्र में भी घुटनों में दर्द की शिकायत करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप घुटने की स्ट्रेंथ को बढ़ाने के लिए कुछ एक्सरसाइज का सहारा लें। भले ही आप एक बिगनर हों, लेकिन फिर भी ऐसी कई सिंपल एक्सरसाइज हैं, जो आपके घुटनों को लाभ पहुंचा सकती हैं। जी हां, हाल ही में सेलिब्रिटी फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराचीवाला ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें वह अपनी फ्रेंड व फिजियोथेरेपिस्ट हिमाक्षी बसु से घुटनों के लिए कुछ एक्सरसाइजेज के बारे में टिप्स ले रही हैं। तो चलिए आज हम आपको इन एक्सरसाइजेस के बारे में बता रहे हैं यह एक बेहद ही सिंपल एक्सरसाइज है। इसके लिए आप पहले एक कुर्सी पर बैठ जाएं। अब दोनों घुटनों के बीच कुशन रखें। पैरों को हल्का सा पीछे ले जाएं और हाथों को सामने की ओर रखें। अब आप इस अवस्था में उठ जाएं। आप इस एक्सरसाइज के दस रेप्स के दो सेट्स करें। यह एक्सरसाइज भी कोई भी बिगनर कर सकता है। इसके लिए आप एक कुर्सी पर बैठ जाएं। इस दौरान एक पैर को हल्का सा पीछे रखें और दूसरे को थोड़ा आगे। अब दोनों हाथों को आगे रखते हुए हथेलियों को आपस में जोड़ें और फिर सीधे खड़े हो जाए। शुरूआत में, इस एक्सरसाइज के छह रेप्स के दो सेट्स करें। इस एक्सरसाइज को दीवार के सहारे की मदद से किया जाता है। इसके लिए आप दीवार के सहारे खड़े हो जाएं। अब दोनों पैरों को थोड़ा आगे लेकर जाएं। अब पैरों को घुटनों से हल्का सा मोड़ें। इस समय आपकी कमर दीवार को ही टच करेगी। इस पोजिशन में अपनी क्षमतानुसार 10 से 30 सेकंड के लिए रूकें। उसके बाद आप इसे दोबारा दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आप पहले दीवार के सहारे खड़े हो जाए। अब दोनों पैरों को थोड़ा आगे लाकर घुटनों की मदद से मोड़ लें। इसके बाद, आप इसी पोजिशन में रूकें और फिर दोनों पैरों के पंजों की मदद से वॉक करें। याद रखें कि इस दौरान आपको चलना नहीं है, बल्कि एक ही जगह खड़े होकर वॉक करना है। आप इसके दस रेप्स के दो सेट्स कर सकते हैं।

# क्या होती है यूनानी कपिंग थेरेपी? कैसे है माइग्रेन, लकवा समेत कई बीमारियों में प्रभावी



ऐसे में यूनानी चिकित्सा की कपिंग थेरेपी कई तरह के रोगों के इलाज में कारगर है। यह थैरेपी हजारों वर्ष पुरानी यूनानी चिकित्सा पद्धति है। इसे अरबी में हिजामा, अंग्रेजी में कपिंग, मिस्त्र में इलाज बिल कर्न व भारत में रक्त मोक्षण के नाम से जाना जाता है। आजकल की बदलती जीवनशैली और खानपान के कारण कई तरह की बीमारियाँ बहुत आम हो गई हैं। बुजुर्ग ही नहीं, युवा वर्ग के लोग भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में यूनानी चिकित्सा की कपिंग थेरेपी कई तरह के रोगों के इलाज में कारगर है। यह थैरेपी हजारों वर्ष पुरानी यूनानी चिकित्सा पद्धति है। इसे अरबी में हिजामा, अंग्रेजी में कपिंग, मिस्त्र में इलाज बिल कर्न व भारत में रक्त मोक्षण के नाम से जाना जाता है। यूनानी कपिंग थैरेपी में में त्वचा पर एक वैक्युम कप लगाया जाता है जो त्वचा को अंदर की ओर खींचता है। इससे शरीर से दूषित खून इकट्ठा हो जाता है, जिसे निकालकर बीमारी को दूर किया जाता है। इस चिकित्सा में शरीर के जिस हिस्से पर बीमारी की पहचान होती है, वहां शीशे के छोटे-छोटे कप लगाकर वैक्यूम पैदा किया जाता है। इससे कप शरीर से चिपक जाता है। कपिंग करने के तीन से पांच मिनट बाद दूषित खून जमा हो जाता है। जमा हुए गंदे खून को शरीर से निकाल दिया जाता है। इससे नए खून का निर्माण होता है और कई बीमारियां दूर हो जाती हैं। इस प्रक्रिया में गर्म कप या पंप लगे हुए पंप को सीधे प्रभावित हिस्से पर लगाया जाता है। गर्मी या पंप द्वारा बनाए वैक्यूम से त्वचा को ऊपर उठाया जाता है। इस प्रकिया में ड्राई कपिंग की तरह सक्शन बनाया जाता है लेकिन लाल धब्बों को लाने के लिए 3 मिनट के बाद इस कप को हटा दिया जाता है। शरीर से दूषित रक्त को निकालने के लिए इस पैच पर छोटे चीरे लगाए जाते हैं।यूनानी कपिंग थैरेपी के जरिए माइग्रेन, जॉइंट पेन, कमर दर्द, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल डिस्क, पैरों में सूजन, सुन्ना होना और झनझनाहट, हर प्रकार का दर्द, सायटिका, चर्मरोग, स्पॉन्डिलाइटिस, किडनी, हृदय रोग, लकवा, मिर्गी, गर्भाशय व हार्मोनल विकार, अस्थमा, साइनुसाइटिस, मधुमेह, मोटापा, थायरॉइड की समस्या, पेट के रोग, चेहरे पर दाने व दाग धब्बे और गंजेपन जैसी समस्याओं का इलाज संभव है।



# बहन को घर से भगाने पर वनराज को हुआ पछतावा, अनुपमा को कैरेक्टरलेस कहेगा तोशु

**नई दिल्ली।** टेलीविजन धारावाहिक अनुपमा टीआरपी में हमेशा ही टॉप पर रहता है। धारावाहिक में एक औरत की कहानी दिखाई गई है। जो तमाम अवरोधों के बावजूद, मुश्किलों का सामना करके आगे बढ़ती है। अनुपमा के इस सफर को बेहतरीन ढंग से दिखाया गया है। जिससे हर औरत खुद को जोड़ सकती है, तभी ये धारावाहिक टीआरपी में टॉप पर रहता है। धरावाहिक में रोज नए ट्विस्ट्स एंड टर्न्स आते रहते हैं। इन दिनों भी धारावाहिक में काफी उतार- चढ़ाव देखा जा रहा है। सोमवार को आने वाले एपिसोड में दिखाया जाने वाला है कि अनुपमा को एक बार फिर से नई मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। अनुपमा पहले ही अपना घर यानी कि शाह परिवार को छोड़ चुकी है। अनुपमा (रुपाली गांगुली) अब नए घर में शिफ्ट हो गई है जहां पर बापूजी, मामाजी, किंजल, अनुज, समर, नंदिनी, स्वीटी सभी लोग अनुपमा के घर के गृह प्रवेश में जाते हैं। इस दौरान सभी लोग अनुपमा के लिए बेहद खुश रहते हैं और नाचते- गाते हैं। इसी बीच शाह हाउस में डॉली और संजय जी (वनराज की बहन और जीजाजी) आते हैं। डॉली घर में आते ही बा से अनुपमा पर लांछन लगाने और उससे घर छीनने के लिए बरस पड़ती है। ये सब देख वनराज गुस्से से तमतमा जाता है। और इसी गुस्से में वनराज डॉली से घर के पेपर्स पर साइन करवा लेता है। घर से जाते वक्त डॉली कहती है शादी के बाद तो मैं कहने के लिए पराई हुई थी लेकिन आज आपलोगों ने मुझे सच में पराया कर दिया। ये सब कहकर डॉली रोते हुए चली जाती है। डॉली के जाने के बाद वनराज को अपने किये पर पछतावा होता है और वो बा से कहता है कि इस घर पर आज भी डॉली का पूरा हक है। वहीं अनुपमा के घर में दीपावली और गृह प्रवेश की पार्टी चल रही होती है। इसी बीच अनुपमा अपने बड़े पारितोष और बा को मिस करती है। अनुपमा सभी को वापस घर जाकर त्योहार मनाने के लिए कहती है। सभी लोग वापस चले जाते हैं लेकिन अनुज और किंजल वहीं पर अनुपमा के पास रुक जाते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्पलेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।